
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 77, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 सूर्यास्त 18 : 43

हल्द्वानी, रविवार, 5 मई 2024


वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...13

# मसूरी में खाई में गिरी कार 4 छात्र और 1 छात्रा की मौत

## घूमने के बाद वापस लौट रहे थे आईएमएस और डीआईटी कॉलेज के विद्यार्थी

संवाददाता, देहरादून

- देहरादून-मसूरी मार्ग पर झड़ीपानी के पास बैंड पर हुआ हादसा, कार में सवार थे छह लोग

**अमृत विचार :** मसूरी-देहरादून मार्ग पर शनिवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। झड़ीपानी के पास बैंड पर अनियंत्रित हुई एंडेवर कार खाई में गिर गई। जिससे कार में आईएमएस और डीआईटी कॉलेज के चार छात्रों और एक छात्रा की मौत हो गई। एक छात्रा की हालत गंभीर बनी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है।

देहरादून स्थित आईएमएस व डीआईटी कॉलेज के चार छात्र व दो छात्राएं मसूरी घूमने गए थे। रविवार सुबह ये लोग एंडेवर कार (यूके07बीडी 8600) से वापस लौट रहे थे। झड़ीपानी से पहले ही पानी वाले बैंड पर अनियंत्रित होकर एंडेवर करीब 60 फीट नीचे खाई की तरफ नीचे की सड़क पर जा गिरी। करीब साढ़े पांच बजे वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही मसूरी से पुलिस बल, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तथा एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। एंडेवर कार उल्टी पड़ी थी और उसमें सवार लोग लहूलुहान हालत में थे। टीम ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। एंडेवर में छह लोग सवार थे, चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवतियों की सांस चल रही थी, उन्हें खाई से रेस्क्यू करके 108 एंबुलेंस के माध्यम से देहरादून हायर सेंटर भेजा गया। लेकिन उनमें से एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती का इलाज चल रहा है। चारों युवकों के शवों को मसूरी उप जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।




हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

हादसे में पांच लोगों की मौत की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। दुघर्टना स्थल के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। मृतकों में आईएमएस यूनिवर्सिटी के अमन सिंह राणा पुत्र राजेश सिंह राणा (22), निवासी शंकरपुर, निकट डी0आई0एम0एस0 कॉलेज गेट, सहसपुर, दिंग्याश प्रताप भाटी पुत्र देवेन्द्र सिंह भाटी (23), निवासी पैटलवुड अपार्टमेंट, ज्वालापुर हरिद्वार व तनुजा रावत पुत्री सोहन सिंह (22), निवासी दुर्गा कालोनी, रूडकी हरिद्वार, डीआईटी यूनिवर्सिटी के ह्रदयांश चंद्र पुत्र हरीश चंद्र (24) निवासी एटीपी कॉलोनी, अनपरा सोनभद्र उप्र हैं। इसके अलावा आईएमएस पास आउट अशुतोष तिवारी पुत्र वीर बहादुर तिवारी, निवासी निकट थाना नागफनी, पैरामाउंट एक्सपोर्ट, मुरादाबाद हैं। आईएमएस यूनिवर्सिटी की नयनश्री पुत्री संजय कुमार (24) निवासी न्यू विकास एन्कलेव, रोहटा रोड मेरठ गंभीर रूप से घायल है। जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

## दुष्कर्म-हत्या में चार को मौत की सजा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पंचकूला में सीबीआई की अदालत ने 2016 के नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को शनिवार को मौत की सजा सुनाई है। 10 अप्रैल को हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोहरे हत्याकांड, सामूहिक दुष्कर्म और डकैती की घटना में का दोषी ठहराया था।



यह घटना हरियाणा के नूंह में 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात की है। अदालत ने दोषियों पर कुल 8.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोपियों ने एक नाबालिग समेत दो महिलाओं से उनके घर पर सामूहिक दूष्कर्म किया था और उसके बाद गहने और नकदी लूटी थी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। राज्य सरकार के निर्देश पर सीबीआई ने घटना की जांच का जिम्मा संभाल लिया था। एजेंसी ने विस्तृत जांच के बाद 24 जनवरी 2018 और 29 जनवरी 2019 को दो आरोप पत्र दायर किए थे। निचली अदालत ने 10 अप्रैल, 2024 को उपरोक्त चार आरोपियों को दोषी ठहराया था।

**मुख्यमंत्री बोले– वनाग्नि को लेकर ऊपर से लेकर नीचे तक तय हो जिम्मेदारी**

# चारधाम यात्रा चुनौती भी और परीक्षा भी, अच्छा संदेश लेकर जाएं श्रद्धालु

संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक कर जारी किए दिशा-निर्देश





कान्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को दिशा– निर्देश देते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि चारधाम यात्रा हमारे लिए चुनौती भी है और परीक्षा की घड़ी भी। ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं कि श्रद्धालु अच्छा संदेश लेकर जाएं। उन्होंने कहा वनाग्नि भी बड़ी चुनौती है, इसमें ऊपर से नीचे तक जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा, वनाग्नि आदि महत्वपूर्ण विषयों पर शासन के आला अधिकारियों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने डीजीपी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मंदिर परिसरों में तैनात सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी मदद के लिए तत्काल आगे आएं। उन्होंने कहा कि यात्रा के शुरुआती 15 दिन हमारे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हैं, इन दिनों में वीआईपी का मूवमेंट कम से कम हो। मुख्य सचिव ने उन्हें चारधाम यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को चारधाम यात्रा प्रारंभ होने से पहले समस्त सड़कें चकाचक हो जानी चाहिए। सचिव ऊर्जा मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि चारधामों में 24×7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

प्रदेश में वनाग्नि को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सामने वनाग्नि भी बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। वनाग्नि रोकने के कार्य में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रहे इसकी पुख्ता तैयारी की जाए। अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को जिले में 10-10 छोटे नाले धारे चिन्हित कर इन्हें पुनर्जीवित करने का लक्ष्य दिया है। राज्य स्तर पर 10 छोटी नदियों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है।






# मोदी के नमो उत्सव ने बनाया माहौल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएम योगी, कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रहे साथ, 52 मिनट का रोड शो कर चुनाव के लिए जगाया उत्साह

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही। बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। रोड शो के रथ पर उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। उन्होंने रामादेवी चौराहे के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां पहले से मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया।



कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोडशो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अयोध्या में रोड शो आज

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।

# ड्रग तस्कर बनमीत के भाई से 130 करोड़ कीमत की बिटकॉइन बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अमेरिका की जेल में बंद है हल्द्वानी का बनमीत, डार्कवेब से करता था तस्करी
- अमेरिका के अनुरोध पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को 130 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की क्रिप्टोकरेंसी 'बिटकॉइन' जब्त की है। यह क्रिप्टोकरेंसी डार्क वेब के जरिये ड्रग तस्करी करने वाले बनमीत सिंह नरूला के भाई की निशानदेही पर बरामद की गई है।

हल्द्वानी के गुरुतेगबहादुर गली, तिकोनिया निवासी बनमीत सिंह नरूला ड्रग तस्कर है। इन दिनों वह अमेरिका में बंद है। अमेरिका के अनुरोध पर प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में धन शोधन जांच के तहत जांच कर रही है। इसी क्रम में ईडी ने बीती 27 अप्रैल को हल्द्वानी में दबिश देकर बनमीत के भाई परविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपी 'डार्क वेब' के माध्यम से मादक पदार्थ की अवैध बिक्री के जरिये अर्जित आय सौंपने के लिए सहमत हुआ। ये अवैध बिक्री अधिकतर यूरोपीय देशों में की गई।

ईडी ने कहा कि ये जांच धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 2 (आरए) को लागू करते हुए अमेरिकी अधिकारियों से प्राप्त पारस्परिक कानूनी सहायता अनुरोध के आधार पर शुरू की गई थी। उसने कहा कि परविंदर सिंह और उसका भाई बनमीत सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर 'सिंह डीटीओ' नामक एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी समूह का संचालन कर रहे थे। एजेंसी ने कहा, डीटीओ का मतलब 'ड्रग ट्रैफिकिंग ऑर्गनाइजेशन' है। ईडी के मुताबिक, आरोपी 'डार्क वेब' के माध्यम से अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय देशों में मादक पदार्थ की बिक्री करते थे। बिटकॉइन एक आभासी मुद्रा है। अन्य मुद्रा की तरह इसका कोई भौतिक स्वरुप नहीं है, यह एक डिजिटल मुद्रा है। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसको आप न तो देख सकते हैं और न ही छू सकते हैं। यह केवल इलेक्ट्रॉनिकली स्टोर होती है। एक बिटकॉइन की कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 53 लाख रुपये है।

## एक नजर

### एअर इंडिया ने केबिन में सामान रखने क्षमता 15 किग्रा की

**नई दिल्ली।** घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। किराया मॉडल में तीन श्रेणियां हैं – कंफर्ट, कंफर्ट प्लस और फ्लैक्स। ये अलग-अलग मूल्य पर अलग-अलग सुविधाएं प्रदान करते हैं। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है।

### यौन उत्पीड़न मामला पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस के खिलाफ महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच के लिए गठित कोलकाता पुलिस की जांच टीम अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जांचकर्ता पहले ही राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक जांच दल का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगा। हमने राजभवन से सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने पर उसे साझा करने का भी अनुरोध किया है।

# मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।



- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

## अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है।

# विधायक एचडी रेवन्ना गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

**सेक्स वीडियो मामला**



- महिला के अपहरण के आरोप में मैसुरु में मामला दर्ज

अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रेवन्ना को यहां देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया।

कर्नाटक में सेक्स वीडियो कांड विवाद को लेकर एसआईटी ने जदएस विधायक एचडी रेवन्ना और उनके पुत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। सीबीआई द्वारा हासन के सांसद प्रज्ज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है।

### राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जद-एस के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

## सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है।

इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।

# लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

**हेराफेरी** व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

# चोकर और राजमा के नाम करोड़ों का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी

**अमृत विचार :** प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है। मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है।



### फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही–सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

> व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। – **चंदन कुमार पटेल,** उपनिदेशक, मुख्यालय मंडी परिषद

# सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला, एक सैनिक की मौत

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया जिससे एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य सैनिक घायल हो गए।

अधिकारियों के मुताबिक, वायुसेना के काफिले पर यह हमला सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास शाम करीब 6.15 बजे तब हुआ जब सैनिक सनाई टॉप पर अपने अड्डे पर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की गोलीबारी में पांच सैनिक घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन गंभीर रूप से घायल दो जवानों में से एक ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त बल को इलाके में भेजा गया है। आतंकियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।



- पुंछ जिले में सनाई टॉप के पास हुआ हमला, चार घायल

# नैनीताल से धानाचूली तक जल उठे जंगल

## खुर्पाताल, भवाली, भीमताल, कालाढूंगी और मंगोली के जंगल धधके, आग बुझाने में कर्मचारियों के छूटे पसीने

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जंगलों में आग लगने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की देर रात शहर से सटे खुर्पाताल, भवाली, भीमताल, कालाढूंगी, धानाचूली और मंगोली के जंगलों में भीषण आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी देते हुए अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया विभिन्न स्थानों पर जंगलों में लगी भीषण आग को नियंत्रित करने में संयुक्त टीम देर रात तक जुटी रही। आग को नियंत्रित कर लिया गया है।

**देवीधूरा के जंगल में ग्रामीण ने लगाई आग :** नैनीताल के समीपवर्ती गांव देवीधूरा में देर शाम एक ग्रामीण ने आग लगा दी। जिसके बाद आग जंगल में फैल गई। शुक्रवार की देर रात देवीधूरा के सैड़ीखान तोक के एक घर के समीप ग्रामीण ने जंगल में आग लगा दी। देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगाने वाले को जल्द पकड़ लिया जाएगा।



बल्दियाखान क्षेत्र के जंगल में लगी भीषण आग को बुझाता दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### इन जगहों पर लगी आग

1- हल्द्वानी रोड़ सलड़ी भीमताल
2- भवाली गांव के निकट
3- टेराविलिस होटल भीमताल क्षेत्र
4- कालाढूंगी रोड़ खुर्पाताल
5- धनाचूली बैंड धारी
6- मंगोली खुर्पाताल आवासीय मकानों के निकट

### आग से कोसी घाटी में छायी रही धुंध

**गरमपानी :** जंगलों में धधक रही आग से उठ रहे धुएं से कोसी घाटी में दिन भर धुंध छाई रही। बेतालघाट ब्लॉक के बुधलाकोट गांव के बतखीला तोक व रामगढ़ ब्लॉक के ढोकाने क्षेत्र में धधकी आग ने वन संपदा को जलाकर राख कर डाला। वन विभाग व ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। बतखीला तोक में आवासीय मकान के नजदीक तक पहुंची आग को भी समय रहते बुझा दिया गया। कोसी घाटी के लोग सुबह जब घरों से बाहर निकले तो पूरे क्षेत्र में धुंध छाए रहने से सख्ते में आ गए। पूरे दिन कोसी घाटी में धुंध छाई रही। इधर, बुधलाकोट गांव के बतखीला तोक में आग ने खूब तांडव मचाया। देर रात से धधकी आग दिन चढ़ने के साथ ही विकराल होती चली गई। स्थानीय लीलाधर बुधलाकोटी के मकान तक आग पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। मामले की सूचना स्थानीय चंद्रशेखर बुधलाकोटी ने वन विभाग व गांव के लोगों को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व वन विभाग के कर्मचारियों ने बमुश्किल आग को काबू कर आवासीय भवन को बचा लिया। जंगल में धधकी आग से कई चीड़ के पेड़ भी जलकर राख हो गए, जबकि बेशकीमती वन संपदा को भी भारी नुकसान पहुंचा है। रामगढ़ ब्लॉक के ढोकाने क्षेत्र में भी जंगल से उठी आग की लपटों पर वन विभाग की टीम ने बमुश्किल काबू पाया।

## नहीं थम रही जंगलों की आग, करोड़ों की वन संपदा खाक

**अल्मोड़ा :** जिले में वनाग्नि की घटनाओं में चार लोगों की जान जाने के बाद भी वन विभाग जंगलों की आग पर काबू पाने के लिए कोई ठोस नहीं उठा रहा है। आए दिन जंगल धू- धू कर जल रहे हैं और प्रतिदिन लाखों रुपये की वन संपदा राख में तब्दील हो रही है। जंगल की आग के कारण वन्य जीवों को नुकसान पहुंच रहा है तो पर्यावरण भी लगातार दूषित होता जा रहा है।

शनिवार को भी जिले के सल्ट, लमगड़ा, भैंसियाछाना, भिकियासैंण, स्याल्दे, द्वाराहाट, सोमेश्वर, धौलादेवी व चौखुटिया क्षेत्रों के अनेक कस्बों में जंगल दिन भर आग से धधकते रहे। लेकिन जंगल की आग को बुझाने के लिए कहीं भी कोई वन कर्मी नहीं दिखाई दिया। वनाग्नि के कारण इन क्षेत्रों में पर्यावरण में चारों ओर धुंध फैल गई है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र और दमे के रोगियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में आग लग रही है वहां स्थानीय लोग ही आग बुझाने का थोड़ा बहुत प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वन विभाग लाखों करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी वनाग्नि को रोकने के लिए सफल नहीं हो पा रहा है। जंगलों की आग बड़ी चुनौती बनी हुई है।

# बिना सुरक्षा उपकरणों के कैसे बचेंगे जंगल

संवाददाता, भीमताल

▸▸ आपदा के तहत धनराशि मिलने के बावजूद अब तक नहीं खरीदे गए उपकरण

**अमृत विचार :** कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के जंगल आग से धधक रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी दिन रात जंगलों में आग बुझाने में जुटे हैं।

मगर सुरक्षा उपकरण व अन्य संसाधनों के न होने से कर्मचारियों को आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। जिस कारण अब तक कई कर्मचारी घायल भी हो चुके हैं। जिले में हर दिन जंगल जल रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारियों के अनुसार डीएफओ के निर्देशन अनुसार अब तक कुछ उपकरण जैसे फायर रेक, फायर बीटर और ब्लोअर उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही 90 प्रतिशत अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयां व ग्लूकोज फर्स्ट एड किट आदि भी हैं। लेकिन आग बुझाने के लिए आवश्यक उपकरण जूते, डंगरी, ड्रेस, जैकेट आदि का अभाव है। आपदा के तहत धनराशि मिल चुकी है, लेकिन उपकरण नहीं खरीदे गये हैं। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उपकरण खरीदने की कार्रवाई की जा रही है।

### आग बुझाने में सहयोग करेंगे अर्जुन वर्मा

**भीमताल :** भीमताल और आसपास के जंगलों में लग रही आग को देखते हुए नगर के होटल व्यवसाई अर्जुन वर्मा ने आग बुझाने में सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी आग लगने की सूचना मिलने पर वह सहयोग करेंगे। उन्होंने इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच और ग्राम प्रधानों से भी संपर्क साधा है।

❝ कुछ उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। आपदा के तहत अन्य उपकरण के लिए धनराशि स्वीकृत हो गई है। उपकरण व अन्य संसाधन खरीदने की कार्यवाही चल रही है। **- विजय मेलकानी**, वन क्षेत्राधिकारी भीमताल



❝ क्षेत्र के जंगलों में नजर रखी जा रही है। रात के समय लोगों से विशेषकर सतर्कता बरतने को कहा गया है। आग की रोकथाम के लिए उपाय किए जा रहे हैं। **- अनिल चनौतिया**, जिला पंचायत सदस्य



❝ जंगलों में आग लगने से जंगली जानवरों और पक्षियों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। क्षेत्र सामान्य दिखता है, फिर अचानक आग लग जाती है। काफी नुकसान हुआ है। पर्यटन भी प्रभावित है। **- विक्रम कंडारी**, बर्ड वाचर

# वनाग्नि की चपेट में आई चौथी महिला भी हार गई जिंदगी की जंग

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ सोमेश्वर क्षेत्र के स्यूरानकोट में हुआ थी भीषण वनाग्नि की घटना

▸▸ उपचार के लिए महिला को एसटीएच हल्द्वानी से ऋषिकेश एम्स किया गया था रेफर

**अमृत विचार :** बीते दिनों सोमेश्वर विधानसभा के स्यूनराकोट गांव में वनाग्नि की भीषण घटना में झुलसी चौथी महिला श्रमिक ने भी दम तोड़ दिया है। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद अल्मोड़ा से एसटीएम हल्द्वानी और वहां से गंभीर हालत में ऋषिकेश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। इस हादसे में एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि तीन अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है।

सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में गुरुवार की शाम भीषण आग लग गई थी। वनाग्नि की इस घटना में उसी जंगल में लीसा दोहन का काम कर रहे नेपाल निवासी दीपक व उसकी पत्नी तारा और ज्ञान बहादुर और उसकी पत्नी पूजा आग की लपटों की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए थे। हादसे में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि ज्ञान बहादुर, तारा और पूजा को अल्मोड़ा के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान शुक्रवार को ज्ञान बहादुर ने भी दम तोड़ दिया। जबकि गंभीर हालत में हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर तारा की सांसे भी अस्पताल पहुंचने से पहले ही रूक गई। चौथी महिला श्रमिक पूजा का एसटीएच हल्द्वानी में उपचार किया गया। लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण उसे भी शुक्रवार की देर शाम हल्द्वानी से ऋषिकेश के एम्स अस्पताल में रेफर किया गया था। लेकिन ऋषिकेश अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात पूजा ने भी दम तोड़ दिया है। वनाग्नि की इस घंटना में दोनों दंपतियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। चारों श्रमिकों की मौत के बाद अब स्यूनराकोट गांव में मातम छाया हुआ है।

## भीमताल में दमकल कार्यालय खोलने की उठाई मांग

**भीमताल :** भीमताल में लगातार आबादी बढ़ रही है। प्रत्येक वर्ष दर्जनों की संख्या में होम स्टे, होटल, रिजॉर्ट आदि खुल रहे हैं। वहीं आसपास के जंगलों में भीषण आग लग रही है। ऐसे में भीमताल में नैनीताल की तर्ज पर अग्निशमन कार्यालय खोलने की मांग उठने लगी है। क्षेत्र के लोग लंबे समय से अग्निशमन कार्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं, जिसमें वर्तमान तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं हो पाई है। कारोबारी और समाजसेवी विपिन चंद्रा ने भीमताल नगर में जंगलों में आग की घटना को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत अग्निशमन कार्यालय खोलने की मांग की है।

# धुएं से इंसान व जानवर सब परेशान

▸▸ आंखों में जलन, सांस लेने में हो रही है दिक्कत

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** जंगलों में आग लगने से इंसानों के साथ ही जानवर भी परेशान होने लगे हैं। वातावरण में भारी मात्रा में कार्बन फैलने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन हो रही है। वहीं आग के कारण लंगूर, बंदर व अन्य जानवर एवं पक्षी गांवों में पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि इस साल की आग बरसात में भारी मात्रा में मृदा अपरदन का कारण बनेगी।

नैनीताल के आसपास के क्षेत्रों में लगातार आग से स्थिति भयावह हो चुकी है। जंगलों में आग की घटनाओं के चलते चारों तरफ धुआं फैल चुका है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमएस दुग्ताल का कहना है कि अस्थमा के मरीजों को ऐसे धुएं में सांस लेने में भारी दिक्कत हो सकती है। धुएं से एलर्जी के साथ आंखों में जलन हो सकती है। साथ ही हृदय रोगियों को भी दिक्कतें हो सकती हैं। इससे बचने के लिए चश्मे, मास्क व पूरे कपड़े पहने। साथ ही जिस क्षेत्र में धुंआ फैल रहा है वहां जाने से बचें। दिक्कत होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### जंगलों में आग से बढ़ा प्रदूषण

**नैनीताल :** जंगलों में आग लगने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। नैनीताल में वायु गुणवत्ता 64 घन माइक्रो ग्राम प्रति मीटर दर्ज की गई है। पूर्व जीव विज्ञान प्रवक्ता कमलेश पांडे ने बताया कि जंगलों में आग लगने से वातावरण में कार्बन की मात्रा बढ़ गई है। प्रदूषण बढ़ने से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार तेज हो जाएगी। आग लगने से भूमि की ऊपरी परत की उर्वरा शक्ति व तंत्र नष्ट हो गया है। जिससे मानसून में मृदा अपरदन की भारी संभावना है।

❝ जंगलों में आग लगने से वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। अब भी नैनीताल के समीप एक-दो स्थानों पर आग लगी हुई है। अधिकारियों को जल्द से जल्द आग पर काबू पाने व आग लगाने वालों की खोजबीन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**- टीआर बीजू लाल**, वन संरक्षक दक्षिणी वृत कुमांऊ

### चाफी के जंगल में लगी आग

**भीमताल, अमृत विचार :** विकासखंड भीमताल के अंतर्गत चाफी के जंगल में आग लग गई। अक्सोड़ा आदि क्षेत्रों में भीषण आग लगने से लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में रूक-रूक कर आग लग रही है। उन्होंने वन विभाग से आग को लगाने वाले असमाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# ज्ञान व दीपक के बच्चों को अनाथ कर गई दावाग्नि

▸▸ हादसे से अंजान चार मासूमों के सिर से उठा मां- बाप का साया

▸▸ स्यूनराकोट में मातम का माहौल, नियति का खेल देख नम हो रही लोगों की आंखें

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** करीब एक दशक से अधिक समय अपना देश को छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में स्यूनराकोट पहुंचे दीपक और ज्ञान बहादुर के परिवार का ताना बाना वनाग्नि की एक घटना में चंद मिनटों में ही बिखर कर रह गया है।

दोनों परिवार पिछले कई सालों से मेहनत मजूदरी कर जैसे तैसे अपना भरण पोषण कर रहे थे और अपने छोटे परिवार के साथ खुश भी थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि नियति का खेल एक दिन उनकी जान का दुश्मन बन बैठेगा और उन्हें अपने मासूम बच्चों के बेसहारा छोड़ कर जाना पड़ेगा।



अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा में आग से धधकता जंगल।

इस हादसे से अंजान चार मासूम अब भी अपने माता पिता की राह तक रहे हैं। बच्चों का हालत देख जहां स्यूनराकोट में हर आंख नम है। वहीं चारों और मातम सा पसर गया है। स्यूनराकोट में वनाग्नि की घटना के शिकार दो परिवार आपस में रिश्तेदार थे। मृतक दीपक और ज्ञान बहादुर आपस में साडू भाई और तारा और पूजा दोनों सगी बहनें थी। दीपक का छह साल का एक पुत्र और तीन साल की एक पुत्री और ज्ञान बहादुर के छह और चार साल के दो बेटे हैं। यह दोनों परिवार सालों पहले नेपाल से भारत आए थे और जगह-जगह मेहनत मजदूरी करते हुए पिछले दस सालों से स्यूनराकोट गांव में ही बस गए थे। इतने सालों में इन दो परिवारों का गांव वालों से खासा लगाव भी हो गया था। जिस किसी का भी कोई काम होता वह इन दो परिवारों को बुलाकर करवा लेता था। दीपक और ज्ञान के परिवार का जैसे-तैसे यहां गुजारा चल जा रहा था। इसलिए इतने सालों में उन्होंने कहीं और जाने के बारे में भी नहीं सोचा। इन दिनों दोनों दंपति पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश भाकुनी के साथ लीसा दोहन का काम कर रहे थे। लेकिन गुरुवार को दिन इन परिवारों के लिए काल बनकर आया। वनाग्नि में चारों बुरी तरह झुलस गए। दीपक ने मौके पर दम तोड़ा तो उपचार के दौरान बारी-बारी ज्ञान बहादुर, तारा और पूजा की जीवनलीला भी समाप्त हो गई।

हादसे के बाद नेपाल से अभी तक दोनों के कोई परिजन यहां नहीं पहुंचे हैं। ग्रामीण रोते बिलखते बच्चों को जैसे तैसे सांत्वना दे रहे हैं तो उनका मासूम चेहरा देख किसी की भी आंख नम हो जा रही हैं। शनिवार देर शाम तक पूजा का शव भी स्यूनराकोट पहुंच जाएगा। जहां चारों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। अचानक हुए इस हादसे से जहां पूरे इलाके में मातम छाया हुआ है। वहीं हर कोई मासूम बच्चों का चेहरा देख नियति को कोस रहा है।




### सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का लगाया आरोप

**भीमताल :** मल्ला ओखलकांडा में निर्माणाधीन सड़क के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश नैनवाल ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर शिकायत दर्ज कराई है। पत्र में कहा है कि ग्राम सभा की विकास निधि से 16 लाख रुपये की लागत से बिना ग्राम सभा की खुली बैठक कराये सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने सूचना पत्र में सूचना लगाकर एक ही व्यक्ति के नाम दो-दो लाख रुपये के बॉन्ड कर दिए। इसकी सूचना गांव के किसी व्यक्ति को नहीं दी गई है। बताया कि यह कार्य क्षेत्र के बेरोजगार लोगों से कराया जाना चाहिए था। मानकों को दरकिनार करते हुए जेसीबी से खुदाई कराई जा रही है। कई संरक्षण प्रजाति के हरे पेड़ बिना अनुमति के काट दिये गये हैं।

# मौसम की मार, अस्पताल में बढ़े बीमार

▸▸ बीड़ी पांडे अस्पताल में 500 से 600 तक पहुंची ओपीडी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी के चलते बीडी पांडे अस्पताल में उल्टी-दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सुबह से शाम तक अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग रही है। चिकित्सक मरीजों को उपचार के साथ ही साफ-सफाई रखने व ताजा भोजन करने की सलाह दे रहे हैं।

गर्मी से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। नगर के प्रमुख बीडी पांडे अस्पताल में जहां रोजाना 400 से 500 मरीजों की ओपीडी होती थी, वहीं अब रोजाना 500 से 600 ओपीडी में पहुंच रहे हैं। सोमवार व मंगलवार को भीड़ अधिक हो रही है। बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डॉ. एलएमएस रावत ने बताया कि मरीजों में उल्टी-दस्त व बुखार के लक्षण मिल रहे हैं। डॉक्टर मरीजों को उपचार के साथ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।



बीडी पांडे अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

❝ मौसम में परिवर्तन के चलते बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या गई है। ऐसे मौसम में बच्चों को बासी खाना न खाने दें, छोटे बच्चों को प्लास्टिक की बोतल में दूध न दें। साथ ही बाहरी खाद्य पदार्थों से बच्चों को दूर रखें।

**- डॉ. सुरेश सिसोदिया**, बाल रोग विशेषज्ञ बीडी पांडे अस्पताल

❝ गर्मी के चलते उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। बचाव के लिए लोग साफ-सफाई का ध्यान दें। ज्यादा पानी पिएं। बाहरी खाद्य पदार्थ व बासी खाने से बचें। दिक्कत होने पर डॉक्टर की सलाह लें।

**- डॉ. एमएस दुग्ताल**, वरिष्ठ फिजिशियन बीडी पांडे अस्पताल

### खिड़कियां मिलीं टूटी, कक्षाओं में गंदगी और सीलन से बुरा हाल, 500 विद्यार्थी और 19 शिक्षक हैं इस आदर्श विद्यालय में

# अटल उत्कृष्ट जीआईसी फूलचौड़ में नहीं दिखी उत्कृष्टता

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ कहने को अटल उत्कृष्ट विद्यालय है, लेकिन यहां की हालत देखकर नहीं लगता कि यह किसी भी मामले में उत्कृष्ट है। विद्यालय की कक्षाएं बदहाल हैं। खिड़कियां टूटी हैं और दीवारें जर्जर हालत में हैं।

अमृत विचार की टीम ने जब शनिवार को विद्यालय में पड़ताल की तो कई खामियां मिलीं। अधिकांश कक्षाओं में गंदगी थी और कमरे धूल से भरे हुए थे। विद्यालय के भवन की हालत भी ठीक नहीं थी। विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या लगभग 500 है और 19 शिक्षक तैनात हैं। वर्तमान में प्रवेश चल रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की संख्या और बढ़ रही है। शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है, लेकिन सीबीएसई पाठ्यक्रम में 1-2 नए विषयों को वैकल्पिक तौर पर पढ़ाया जा रहा है। विद्यालय में दैनिक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति ठीक है। पर्याप्त शौचालय हैं जो सुचारू हालत में हैं। साथ ही विद्यालय में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध है और बिजली की व्यवस्था भी ठीक है।



अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज, फूलचौड़ में धूल फांकते हुए लैब उपकरण। ● अमृत विचार

#### प्रयोगशाला फांक रही धूल

इंटर कॉलेज की भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला धूल फांक रही है। यह अटल उत्कृष्ट विद्यालय के उपनाम के विपरीत है। इसे देखकर लगता है कि लंबे समय से इसका प्रयोग नहीं हुआ है। यहां बेंच, मेज और बेंच पर रखे हुए उपकरण धूल खा रहे हैं। प्रयोगशाला का कमरा गंदगी से भरा हुआ है। यहां 2-3 मेजों पर उपकरण रखे हुए हैं और कुछ मेजें खाली पड़ी हैं। दीवारें भी सीलन से भरी हुई हैं।

#### दो साल पहले बनाए गए थे अटल उत्कृष्ट विद्यालय

दो साल पूर्व प्रदेश में अटल उत्कृष्ट विद्यालय की शुरूआत की गई। इसके तहत प्रत्येक विकासखंड के दो राजकीय इंटर कॉलेजों को अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में समायोजित किया गया था। इन विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड के तहत संचालित किया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ भी इसी क्रम में सीबीएसई बोर्ड के तहत संचालित हो रहा है, लेकिन विद्यालय में विद्यार्थियों को व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं। खासकर उत्तराखंड बोर्ड के हिंदी माध्यम से पढ़े बच्चों को सीबीएसई के अंग्रेजी पाठ्यक्रम में पढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> कक्षाओं में पेंट किया जा रहा है, जिस कारण गंदगी हो रही है। स्वच्छक तैनात नहीं है, लेकिन बाहर से सफाई कर्मी बुलाकर सफाई कराई जाती है। बच्चों की बेहतर शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। **-आशीष शर्मा**, प्रधानाचार्य, जीआईसी फूलचौड़

# दोस्त से धक्का-मुक्की में खाई में गिरा था राजेश

- 23 अप्रैल को गेठिया के पास जंगल में मिला था शव
- पुलिस ने आरोपी दोस्त को किया गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गेठिया क्षेत्र में जंगल से मिले शव के मामले में ज्योलीकोट पुलिस ने हत्या के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि बीती 23 अप्रैल को लखीमपुर खीरी निवासी राजेश (36 वर्ष) का शव खाई में मिला था।

बताया कि 30 मार्च से गुम राजेश की उसके परिजनों ने तल्लीताल थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के साथियों से पूछताछ की तो उन्हें कुछ शक हुआ। पूछताछ के दौरान 30 मार्च को मृतक की उसके एक साथी के साथ विवाद होने की बात भी सामने आई। जिस पर पुलिस ने राजेश के साथी लखीमपुर निवासी मनोज कुमार से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह दोनों गेठिया के एक होटल का निर्माण कर रहे थे। राजेश का 30 मार्च को घर जाने को लेकर उसके साथ विवाद हो गया था। इस बीच सड़क किनारे उसकी राजेश से धक्का-मुक्की हुई तो राजेश खाई में गिर गया और उसकी मौत हो गई। डर के चलते उसने राजेश के कपड़े उतारकर जंगल में छिपा दिये।

## एक नजर

### गर्मी ने फिर दिखाए तेवर

**हल्द्वानी :** शहर में एक बार फिर से गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। अधिकतम तापमान में उछाल आया है। दिन के समय गर्म हवाएं भी चलीं। विगत दिनों शहर के तापमान में कुछ कमी आई थी। शनिवार को तापमान में फिर से उछाल आ गया। अधिकतम तापमान विगत दिनों की अपेक्षा तीन डिग्री बढ़कर 38.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री दर्ज किया गया है। दोपहर के समय तपिश भरी गर्मी पड़ी। गर्म हवाओं के थपेड़े भी चले। लोग गर्मी से बचने के लिए सिर ढककर घर से बाहर निकले। दोपहर बाद में बाजार में भी चहल-पहल कम रही। शाम होने पर ही लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने पहाड़ में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही आने वाले दिनों में मैदानी इलाकों में भी बारिश होने की संभावना है।

### गणवेश को मिला बजट

**हल्द्वानी :** समग्र शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के गणवेश के लिए बजट जारी कर दिया गया है। राज्य परियोजना कार्यालय स्तर से 33.96 करोड़ रुपये व्यय के लिए पीएफएमएस पोर्टल पर आवंटित किए गये हैं। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान किये जाएंगे। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को शैक्षिक सत्र की शुरुआत में ही गणवेश वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

# सौरभ ने शक में घोंट दिया अफसाना का गला, रुद्रपुर से गिरफ्तार

### उत्तर से दक्षिण भारत तक खाक छानने के बाद पुलिस को रुद्रपुर में मिला पत्नी का हत्यारोपी, दोनों बेटियां भी सुरक्षित बरामद, कागजात लेने आया था शहर में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**08** अप्रैल की रात टीपीनगर की नीलांचल कॉलोनी में की थी अपनी पत्नी अफसाना की हत्या

**01** सौ पचास रुपये में बच्चों की भूख मिटाने के लिए बेच दिया था हत्यारोपी सौरभ ने पत्नी अफसाना का फोन

**अमृत विचार :** अफसाना हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अपनी ही पत्नी की हत्या कर फरार सौरभ लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। कभी उत्तर तो कभी दक्षिण भारत तक खाक छान चुकी पुलिस को सौरभ अपने ही गृह जनपद में मिला। पत्नी की हत्या के बाद वह अपनी दोनों बेटियों को लेकर भागा था, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। हत्यारोपी ने कुबूल किया है कि उसने अपने ही हाथों से अफसाना का गला घोंटा था, क्योंकि उसे पत्नी के चरित्र पर शक था।

मूलरूप से सुभाष कॉलोनी रुद्रपुर का रहने वाला सौरभ राज पुत्र सोनू पेशे से मजदूर है। बीती 29 फरवरी को वह पत्नी अफसाना, बेटियां अलीशा (5 वर्ष) और इबरा (3 वर्ष) के साथ नीलांचल कॉलोनी फेज 5 स्थित शिवाजी कॉलोनी में गंगा राम मौर्या के मकान में किराए पर रहने आया था। पत्नी और एक बेटी को यहीं छोड़कर वह मजदूरी करने आगरा चला गया। 8 अप्रैल की रात करीब 12 बजे नशे की हालत में वह अफसाना के पास लौटा। दोनों में जमकर विवाद हुआ। सौरभ दोनों बेटियों को लेकर चला गया और कुछ देर बाद अकेला लौटा। उसने अफसाना का गला घोंटा और घर के बाहर कुंडी लगाकर फरार हो गया। तब से पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि सौरभ की तलाश में कई टीमों को लगाया गया था। टीमें बरेली, बेंगलुरु, अयोध्या, आगरा और रुद्रपुर समेत कई शहरों में तलाश चुकी थी। तभी हत्या के बाद से बंद अफसाना का मोबाइल बरेली में एक्टिवेट हुआ। पुलिस ने मोबाइल चलाने वाले को पकड़ लिया, लेकिन वह सौरभ नहीं था। उसने बताया कि उसे मथुरा में किसी ने मोबाइल बेचा था। पुलिस मथुरा पहुंची तो सौरभ वहां से भी फरार हो चुका था। तभी खबर मिली कि वह दोनों बेटियों का मथुरा स्थित एक किसी संस्था में दाखिल कराने वाला है और बच्चियों के कागज लेने रुद्रपुर आया है। आनन-फानन में टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। एसपी ने बताया कि सौरभ, अफसाना के चरित्र पर शक करता था और इसी वजह से गला घोंट कर मार डाला।

इधर, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने गुडवर्क करने वाली पुलिस टीम को ढाई हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। पुलिस टीम में कोतवाल उमेश मलिक, टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसआई विजय मेहता, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, हे.कां.इसरार अहमद, ललित श्रीवास्तव, कां.चंदन नेगी, अरविंद व राजेश थे।



नीलांचल कॉलोनी में हुई महिला की हत्या का आरोपी पति पुलिस की गिरफ्त में। ● अमृत विचार

#### मैन्युअल पुलिसिंग फेल, फिर सहारा बना सर्विलांस

**हल्द्वानी :** हत्या से पहले ही सौरभ अपना मोबाइल भाई को देकर आ गया था। हत्या के बाद से अफसाना का मोबाइल भी बंद था, जिसे लेकर सौरभ फरार था। पुलिस को पता था कि 100-50 रुपये की दिहाड़ी से कहीं भी रात गुजार लेने वाले सौरभ को पकड़ना आसान नहीं था। हुआ ही ऐसा भी। पेशेवर अपराधी न होने के बावजूद सौरभ को पकड़ने में वक्त लग गया। जबकि पुलिस ने मैन्युअल पुलिसिंग में कसर नहीं छोड़ी, लेकिन फिर सर्विलांस ही काम आया। पैसों के लिए सौरभ ने मथुरा में मोबाइल बेच दिया। ये मोबाइल जब एक्टिवेट हुआ तो पुलिस के लिए रास्ते खुल गए।

#### प्लास्टिक की बोतलें बेचकर पाले बच्चे

**हल्द्वानी :** सौरभ ने फरार होने के बाद ज्यादातर दिन मथुरा रेलवे स्टेशन में काटे। हत्या करने के बाद वह सीधा लालकुआं पहुंचा, जहां से मथुरा की ट्रेन में बैठ गया। यहीं आखिरी बार उसे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया। मथुरा में वह दिनभर प्लास्टिक की बोतलें बीनकर बेचता और बच्चों का पेट पालता था। जब वह मजदूरी को जाता था तो दोनों बच्चे स्टेशन में घूमते रहते थे।

#### पुलिस ने सौरभ को बेंगलुरु तक तलाशा

**हल्द्वानी :** शातिर सौरभ को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम को दक्षिण भारत तक दौड़ लगानी पड़ी। पुलिस को खबर मिली थी कि आरोपी के बेंगलुरु में होने की संभावना है। इस पर टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट को बेंगलुरु भेजा गया। जहां उन्होंने हर रेलवे और बस स्टेशन खंगाल डाला। डेढ़ सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक कर दिए। अंत में शातिर रुद्रपुर से पकड़ा गया।

#### जिस प्यार के लिए सबसे लड़ा, उसे ही मार डाला

**हल्द्वानी :** अफसाना और सौरभ रुद्रपुर में एक ही मोहल्ले में रहते थे। दोनों का धर्म अलग था। दोनों में प्यार हो गया। घर वाले खिलाफ हो गए और अफसाना के घरवालों ने तो उसे छोड़ भी दिया। घर वालों के भारी विरोध के बावजूद सौरभ सबसे लड़ा और 8 साल पहले अफसाना से शादी कर ली। जिस प्यार के लिए इतनी लड़ाई हुई, सौरभ ने उसे ही गला घोंट कर मार डाला।

#### बच्चों की भूख ने बिकवाया मोबाइल

**हल्द्वानी :** पुलिस लगातार अफसाना का मोबाइल ट्रेस कर रही थी, जो प्रेमपाल के पास था। मोबाइल ऑन हुआ तो पुलिस ने प्रेमपाल से संपर्क किया। पुलिस का नाम सुनते ही प्रेमपाल घबरा गया और उसने अपना गलत पता बता दिया और मोबाइल फिर से स्विच ऑफ कर दिया। मोबाइल दोबारा ऑन हुआ तो पुलिस लोकेशन पर पहुंच गई और प्रेमपाल घर में मिल गया। प्रेमपाल पुलिस को जूस वाले तक ले गया, जो मथुरा रेलवे स्टेशन के पास दुकान लगाता था और कुछ ही दिनों में सौरभ का दोस्त बन गया था। जूस वाले ने सौरभ का ठिकाना पुलिस को बता दिया। सौरभ ने पुलिस को बताया कि मथुरा में बच्चे भूखे थे और खाने की जिद कर रहे थे। जूस वाले की दुकान पर वह प्रेमपाल से मिला। सौरभ ने मोबाइल के 200 रुपये मांगे, लेकिन प्रेमपाल ने उसे 150 रुपये दिए और तीन गिलास गन्ने का जूस पिलाकर मोबाइल खरीद लिया।

# सेवानिवृत्त डॉक्टर का घर खंगाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

#### जेवर-नगदी चोरी

- खिड़की काटकर नगदी समेत सोने-चांदी के जेवर किए साफ
- इलाज के लिए पत्नी संग गए थे दिल्ली, लौटे तो लगा चोरी का पता



**अमृत विचार :** पत्नी संग इलाज कराने दिल्ली गए सेवानिवृत्त चिकित्सक के घर चोरी हो गई। खिड़की काट कर घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपये के सोने और चांदी के जेवर साफ कर दिए। चोरी का खुलासा तब हुआ, जब चिकित्सक लौट कर घर पहुंचे। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

दयाल विहार आरटीओ रोड मुखानी निवासी डॉ. चंद्र मोहन सिंह धामी सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल अल्मोड़ा से पीएमएस के पद से सेवानिवृत्त हैं। वह यहां पत्नी पुष्पा के साथ रहते हैं। एक बेटा दिल्ली और दूसरा देश से बाहर रहता है। चिकित्सक के मुताबिक काफी समय से उनकी तबीयत खराब थी। 29 अप्रैल को वह पत्नी के साथ इलाज के लिए दिल्ली बेटे के पास गए थे। 3 अप्रैल की दोपहर वह लौटे तो घर में ताला लगा हुआ था। घर के अंदर पहुंचे तो होश फाख्ता हो गए। सारा सामान अस्त-व्यस्त था।

अलमारियां खुलीं और ताले टूटे पड़े थे। घर के पिछले हिस्से की खिड़की भी टूटी थी। चोर इसी खिड़की को तोड़कर घर घुसे थे। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। चिकित्सक के मुताबिक चोर घर से करीब 70 हजार रुपये की नगदी और लाखों रुपये के जेवर ले गए हैं। मुखानी थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

#### मंडी में चोरी, मुकदमा 16 दिन बाद

**हल्द्वानी :** जेआर पुरम तल्ली हल्द्वानी में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने 16 दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर के अनुसार कुशी राम पुत्र दिवान राम 15 अप्रैल को शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली गए थे। 18 अप्रैल को पड़ोसियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण व घर नगदी ले गए हैं।

# विदेश में पढ़े 10 डॉक्टर एसटीएच में करेंगे उपचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। विदेश से पढ़कर आए डॉक्टर भी अस्पताल में मरीजों का उपचार कर सकेंगे। मेडिकल काउंसिल ऑफ उत्तराखंड ने इसके लिए 10 डॉक्टरों को अनुमति दी है।

मेडिकल काउंसिल ऑफ उत्तराखंड ने 30 अप्रैल को जार्जिया, यूक्रेन, कजाकिस्तान, सेंट्रल अमेरिका आदि देशों से एमबीबीएस करने वाले 10 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करने की अनुमति दी है। ये सभी छात्र सात मई से पहले ही एसटीएच में इंटर्नशिप करने लगेंगे। साथ ही मरीजों का उपचार भी करेंगे। जिन डॉक्टरों ने ऑनलाइन पढ़ाई की है, उन्हें दो साल तक अस्पताल में इंटर्नशिप करनी होगी और जिन डॉक्टरों ने ऑफलाइन पढ़ाई की है वह एक साल इंटर्नशिप करेंगे। इंटर्नशिप के दौरान इनको सरकार से 17 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड भी मिलेगा। जो भी विद्यार्थी विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करते हैं उनको भारत में नेशनल मेडिकल कमीशन की एफएमसी परीक्षा पास करनी पड़ती है। इसके बाद ही उन्हें राज्य में मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप करने की अनुमति मिलती है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि विदेशों से पढ़ाई कर के आए 10 डाक्टर एसटीएच में 7 मई से इंटर्नशिप करेंगे।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत

#### दुखद

- स्कूटी फिसलने के बाद ट्रैक्टर से टकराया युवक
- पनचक्की के पास शनिवार सुबह हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर का सामान लेकर जा रहे युवक की स्कूटी ब्रेक लगाते ही फिसल गई। वह संभल पाता तभी सामने से आये ट्रैक्टर से उसका सिर टकरा गया। गंभीर रूप से घायल युवक को आनन-फानन में अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर पानी का टैंकर लेकर जा रहा था।

एचएमटी कॉलोनी बेड़ाखत्ता निवासी बसंत कुमार आर्य (35) यहां गर्भवती पत्नी व परिवार के साथ रहता था। बसंत के पिता एचएमटी से सेवानिवृत्त हैं। वह चार भाइयों में वह सबसे छोटा था। बड़ा भाई सितारगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। जबकि दो भाई निजी क्षेत्र में नौकरीकरते हैं। बताया जाता है कि डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास एक थोक दवा विक्रेता की दुकान में काम करने वाला बसंत शनिवार की सुबह घर से निकला था। खरीदारी करने के बाद वह सामान लेकर घर लौट रहा था। सुबह करीब साढ़े 6 बजे वह पनचक्की मार्ग पर स्थित एक स्कूल के पास पहुंचा था कि तभी अचानक स्कूटी में ब्रेक लग गए।

ब्रेक लगते ही बसंत स्कूटी समेत अलग-अलग दिशा में गिर गया। वह संभल पाता कि तभी सामने से आये ट्रैक्टर से उसका सिर टकरा गया। वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। उन्होंने तुरंत बसंत को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक बसंत आर्य।

#### एक साल पहले हुई थी शादी

**हल्द्वानी :** बसंत की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सबसे बुरा हाल उसकी गर्भवती पत्नी का था। परिजनों के मुताबिक सवा साल पहले ही बसंत की शादी हुई थी। पत्नी की भी जल्द ही डिलीवरी होनी थी। परिवार इस बात से खुश था, लेकिन शनिवार को बसंत की मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खुदकुशी के मामले में पति गिरफ्तार

**रामनगर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। सतपाल सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी दौरा एहतमाली ग्राम मुकंदपुर थाना आईटीआई काशीपुर ने पुलिस को बताया कि 17 जनवरी 2024 को उसकी बहन को पति कुलदीप सिंह ने इतना प्रताड़ित किया कि उसने मानसिक तनाव में आकर जहर खाकर जान दे दी थी। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, पीरूमदारा पुलिस चौकी प्रभारी राजेश जोशी ने आरोपी पति कुलवीर सिंह पुत्र ठाकुर सिंह निवासी ग्राम थारी पीरूमदारा रामनगर को उसके घर से गिरफ्तार किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

**विरोध** व्यापारियों की रेल विभाग के अधिकारियों से हुई नोकझोंक, दुकानदारों ने सुनाई खरी-खोटी, कार्रवाई पर जताया कड़ा विरोध

# रेलवे क्रॉसिंग से दुकानों को हटाने पर हंगामा, अफसरों का घेराव

- गौला मार्ग पर क्रॉसिंग से सटी तीन दुकानों को लेकर विवाद
- व्यापारियों ने रेलवे अफसरों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** गौला मार्ग पर स्थित स्पेशल रेलवे क्रॉसिंग से सटी तीन दुकानों को खाली कराने की सूचना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने रेल विभाग के अधिकारियों का घेराव किया और जमकर खरी-खोटी सुनाई।

शनिवार की दोपहर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर काठगोदाम रोशन लाल जायसवाल और स्टेशन अधीक्षक पुष्कर सिंह राणा रेलवे क्रासिंग फाटक संख्या एसपीएल 50/3-टी से सटकर बनी दुकानों के पास पहुंचे और दुकान स्वामी रहीश अहमद, रवि कटियार व नबाब को शीघ्र दुकानों का अतिक्रमण हटाने के मौखिक निर्देश दिये। मौके पर पहुंचे प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट व जिला उपाध्यक्ष संजय जोशी ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया और कार्यवाही का विरोध कर व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने की मांग की। कहा कि रेलवे मनमानी करते हुए नगर में कहीं भी अपनी भूमि बताकर व्यापारियों को भयभीत कर रहा है। जबकि व्यापारी दशकों से उक्त स्थान पर अपना व्यापार कर रहे हैं।



रेलवे फाटक स्थित अधिकारियों का घेराव करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

#### फाटक पर सायरन को लेकर जताई आपत्ति

**लालकुआं :** व्यापारियों ने गौला मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर लगाए गए सायरन को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि सायरन की आवाज इतनी तेज है की आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों को खासी परेशानी होती है। उच्च न्यायालय के आदेशों की भी अवमानना की जा रही है। उन्होंने सायरन की आवाज कम करने या उसे हटाने की मांग की।

> रेलवे क्रॉसिंग पर गेट बंद होने से आम जन को अतिक्रमण की वजह से ट्रेन दिखाई नहीं देती है। जिसको हटाने के लिये उच्चाधिकारियों के आदेश प्राप्त हुए हैं। व्यापारियों से अतिक्रमण को स्वयं हटाने का अनुरोध किया गया है। जल्द ही लिखित में नोटिस दिया जायेगा। इसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। **-रोशन लाल जायसवाल**, सीनियर सेक्शन इंजीनियर काठगोदाम

# चलती ट्रेन से गिरा यात्री, हालत गंभीर

**लालकुआं, अमृत विचार :** काशीपुर जा रही रेलगाड़ी से उतरने के दौरान एक यात्री गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

शनिवार शाम बरेली जाने वाली रेलगाड़ी में चढ़ने के बजाय एक यात्री गलती से काशीपुर जाने वाली रेलगाड़ी में चढ़ गया। जैसे ही रेलगाड़ी उलटी दिशा में काशीपुर की ओर जाने लगी तो यात्री को गलती का एहसास हुआ और वह आनन-फानन में रेलगाड़ी से उतरा तो निर्माणाधीन प्लेटफार्म नंबर चार में सिर के बल गिर गया और घायल हो गया। यात्रियों एवं आरपीएफ के जवान डीएस राणा ने उसे प्लेटफार्म पर लिटाया। कोतवाली पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में भर्ती कराया। घायल का नाम सुनील (45 वर्ष) निवासी शाहजहांपुर बताया जा रहा है।

## सार-संक्षेप



नैनीताल पंत पार्क में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

### वीकेंड पर नैनीताल व कैंची धाम में उमड़े सैलानी

**नैनीताल :** वीकेंड पर शनिवार को सरोवर नगरी नैनीताल व कैंची धाम में सैलानियों की भीड़ देखने को मिली। जिससे स्थानियों व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। शनिवार को यूपी, दिल्ली-एनसीआर की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी तादात में सैलानी नैनीताल पहुंचे। सैलानियों ने नैनीझील में नौकायन व बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया। साथ ही सरियाताल, केप गार्डन, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू आदि पर्यटन क्षेत्रों से नगर की नैसर्गिक सुंदरता व हिमायल दर्शन क्षेत्र से त्रिशूल पर्वत, नंदा देवी, पंचाचूली के विहंग दृश्यों को भी देखा। पंत पार्क स्थित फड़ बाजार, भोटिया मार्केट, मॉल रोड में भी खासी भीड़ रही। वहीं भवाली स्थित कैंची धाम में भी बाबा के दर्शन के लिए सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी।

### निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का किया निरीक्षण

**भवाली :** कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी ने लकड़ी टाल में 16 करोड़ की लागत से बन रहे मल्टीप्लैक्स व पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही निगम के अधिकारियों व ठेकेदार को कार्य उचित गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। डॉ. तिवारी ने कहा कि शिप्रा नदी सुरक्षा कार्य व पार्किंग को हरसंभल 15 जून से पूर्व पूरा करें। इससे पूर्व निर्वतमान पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर डॉ. तिवारी का स्वागत किया।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

**नैनीताल :** ज्योलीकोट के समीप आमपड़ाव क्षेत्र में बीते शुक्रवार को मिले शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने एसडीआरएफ व अग्निशमन की टीम की मदद से लगभग 500 फीट गहरी खाई से शव को बाहर निकाला था। पूछताछ में शव नेपाल मूल के मजदूर का बताया गया। संदिग्ध परिस्थिति में मौत के चलते पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव कब्जे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि नेपाल मूल के मजदूर नवीन ओली के शव का पोस्टमार्टम कराकर शनिवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पड़ोसियों पर 10 बीघा जमीन हड़पने का आरोप



**हल्दूचौड़ :** हल्दूचौड़ के किशना नवाड़ गांव निवासी पूरन चंद्र सुनाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन में कहा है कि पड़ोसियों ने संगठित होकर उनकी तथा उनके भाई जगदीश चंद्र की 10 बीघा जमीन हड़प ली है। वह वृद्ध एवं असहाय हैं, जबकि उनका भाई मूकबधिर है। उन्होंने वर्ष 2005 में कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। संबंधित विभागों के अधिकारी मौका मुआयना कर चुके हैं। पूरन चंद्र सुनाल ने मृत्यु के उपरांत अपना शरीर दान देने की घोषणा की है, जिसका शपथ पत्र उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में लगाया है। उन्होंने डेढ़ बीघा जमीन स्वास्थ्य केंद्र, एक बीघा जमीन पुलिस चौकी और एक बीघा जमीन अनाथालय के लिए देने का भी शपथ पत्र दिया है। क्षेत्रवासियों ने पूरन चंद्र सुनाल को अविलंब न्याय दिलाने की मांग की है।

### धुलाई सेंटर खोलने की अनुमति मांगी

**रामनगर :** गर्मी में पानी के संकट को देखते हुए बंद कराए गए शहर के कार वॉश सेंटरों के संचालकों ने रोजगार संकट को देखते हुए सेंटर खोलने की अनुमति देने की मांग की है। शनिवार को धुलाई सेंटर संचालकों ने तहसील कार्यालय में तहसीलदार कुलदीप पांडे को ज्ञापन दिया। उन्होंने प्रशासन से सुबह और शाम तीन-तीन घंटे वॉश सेंटर चलाने की अनुमति देने या फिर टैंकरों से पानी लेकर कारोबार चलाने की मांग की है। तहसीलदार ने बताया कि मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर ही कोई निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान हरीश प्रकाश, श्रवण कुमार, जमील अहमद, शकील अहमद, शुभास आदि मौजूद रहे।

### गिरिजा मंदिर की सुरक्षा में जुटा सिंचाई महकमा

**रामनगर :** गिरिजा देवी मंदिर के टीले समेत नगर में चल रहे तीन स्थानों पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने की कवायद चल रही है। सिंचाई विभाग का दावा है कि बरसात से पूर्व गिरिजा मंदिर के टीले की सुरक्षा का कार्य पूरा करा लिया जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अमित गुप्ता ने बताया कि बाढ़ सुरक्षा योजना के तीनों कार्य एक साल में पूरे होने हैं, लेकिन बरसात में गिरिजा मंदिर के टीले को बचाने के लिए बारिश से पहले टीले को कवर कर लिया जाएगा। बेसमेंट में स्टैंटिंग, शॉटक्रीट करने के बाद टीम में गन से कंक्रीट भर दी जाएगी। इससे मिट्टी का टीला कंक्रीट के टीले में बदल जाएगा।

### पढ़ाई पंडित पांडे ने हासिल की 16वीं डिग्री



**रामनगर :** समाचार पत्रों में संपादक के नाम सर्वाधिक पत्र लिखकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके रामनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चन्द्र पांडे की हालिया उपलब्धि अध्ययन जीवन में 16वीं डिग्री प्राप्त करना है। यह उपलब्धि उन्होंने उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी से ज्योतिष में परास्नातक की है। उनके पास 2 स्नातक और 14 परास्नातक डिग्री हो गई हैं। पूरन का कहना है कि उन्होंने जब से पढ़ना शुरू किया तब से वे लगातार पढ़ रहे हैं। इस तरह बचपन से लगातार 48 साल पढ़ना भी अपने आप में एक लक्ष्य है। 1998 में बीए करने के बाद 2000 में अर्थशास्त्र, 2002 में समाजशास्त्र में एमए, 2005 में विधि स्नातक, 2007 में विधि परास्नातक, 2009 में मानवाधिकार 2010 में राजनीति शास्त्र, 2012 में लोक प्रशासन, 2013 में शिक्षा शास्त्र, 2014 में इतिहास, 2015 में हिंदी, 2017 में योग, 2019 में पत्रकारिता, 2021 में मनोविज्ञान, 2023 में दर्शनशास्त्र के बाद 2024 में ज्योतिष में परास्नातक किया। बताया कि इग्नू यूनिवर्सिटी से महात्मा गांधी और शांति अध्ययन के अंतिम वर्ष की परीक्षा देनी है, जिसका परिणाम भी अगस्त में आ जाएगा। वह उनकी 17वीं डिग्री होगी।

# बूंद-बूंद पानी को मचा हाहाकार

## खैरना बाजार क्षेत्र व सीएचसी परिसर में नहीं सुधर रहे हालात, आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** खैरना बाजार क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने से लोग परेशान हैं। सीएचसी परिसर में भी पानी की बूंद-बूंद का अकाल पड़ चुका है। बावजूद जल संस्थान के अधिकारियों की कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। विभागीय अनदेखी से लोगों का पारा चढ़ने लगा है। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द अस्पताल परिसर व बाजार क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे।

खैरना बाजार क्षेत्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी परिसर में पेयजल संकट छाया हुआ है। दो-चार दिन पानी की आपूर्ति होने के बाद फिर कई दिनों तक आपूर्ति ठप हो जा रही है। कभी बाजार के कुछ हिस्सों में आपूर्ति हो रही है तो कुछ हिस्सा पानी के लिए तरस रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में हालात और ज्यादा विकट है। पानी न मिलने से दिन भर ड्यूटी निभाने के बाद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी खैरना बाजार क्षेत्र में लगे हैंडपंप से पानी ढोने को मजबूर हैं। मरीजों व तीमारदारों को भी बूंद-बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोग कई बार व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठा चुके हैं, बावजूद जल संस्थान व्यवस्था में सुधार को कदम नहीं उठा रहा है। स्थानीय पूरन सिंह, हरीश नेगी, राजेंद्र नेगी, भुवन जलाल, शंकर जोशी, महेंद्र सिंह बिष्ट ने पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग उठाई है।



भवाली में टैंकर से पानी भरतीं महिलाएं व बच्चे। ● अमृत विचार

### भवाली में पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि

**भवाली, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही नगर में पेयजल समस्या भी बढ़ती जा रही है। शनिवार को रामगढ़ रोड़ स्थित लल्ली मंदिर क्षेत्र में सुबह से पानी नहीं आने से लोग परेशान रहे। स्थानीय निशा साह, भावना साह, रेखा कांडपाल, मुन्नी बिष्ट ने कहा कि हफ्ते में एक दिन पानी बंद करने के बाद भी पानी नहीं आ रहा है। शनिवार को भी पानी नहीं आया, जिससे घर में पीने के लिए तक पानी नहीं है। आक्रोशित महिलाओं ने जल संस्थान दफ्तर में जाकर अधिकारियों को समस्या बताई। जिस पर जल संस्थान ने एक पिकअप में टैंकर से पानी भरकर क्षेत्र में भेजा। एई रवि डोभाल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी नहीं आ रहा है। वहां टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। बारिश नहीं होने से जल स्तर कम हो रहा है। जहां भी पानी नहीं जाएगा, वहां टैंकरों से भेजा जाएगा।

### हाईवे पर रपटा बाइक सवार, हालत गंभीर

**गरमपानी, अमृत विचार :** रानीखेत खैरना स्टेट हाईवे पर बाइक सवार युवक असंतुलित होकर रपट गया। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को निजी वाहन से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया।

ताड़ीखेत निवासी लाखन सिंह अपनी बाइक से गरमपानी बाजार को रवाना हुआ। लाखन स्टेट हाईवे पर भुजान बाजार क्षेत्र के समीप पहुंचा ही था की एकाएक वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा। नतीजतन बाइक असंतुलित होकर रपटती चली गई। हादसे में लाखन गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

# पानी की शिकायतों का अंबार विभाग के पास समाधान नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**बदहाल सिस्टम**

- तिकोनिया, ऊंचापुल समेत अन्य कार्यालयों में दर्ज रही हैं शिकायतें
- कई दिन बाद भी शिकायतों का नहीं होता निस्तारण

**अमृत विचार :** पेयजल किल्लत की शिकायत को दूर करने के लिए जल संस्थान ने शिकायती कंट्रोल रूम की स्थापना की। इससे लोगों में आस जगी की उनकी शिकायतों का समाधान जल्द हो जाएगा। शहर और ग्रामीण इलाकों के लिए विभागीय अभियंताओं को जिम्मेदारी दी गई थी की वे 24 घंटे के भीतर शिकायतों का निवारण कराएं। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी लोगों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है।

गर्मी के मौसम में पेयजल की कमी होने से नियमित एक दर्जन से अधिक शिकायतें कंट्रोल रूम में दर्ज हो रही हैं। कंट्रोल रूम में नलों में पानी नहीं आना, घरों में गंदा पानी पहुंचना, लाइन में प्रेशर नहीं होना, पाइप लाइन के लीकेज, जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिलना, ड्राई जोन बने इलाकों में विभागीय टैंकर के नहीं पहुंचने जैसी शिकायतें दर्ज हो रहीं हैं। जल संस्थान के तिकोनिया, ऊंचापुल, शीशमहल और ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालयों में लगातार लोग शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। नजाकत खां बगीचा की निवासी फरजाना बेगम ने बताया कि जल संस्थान विभाग में बीते दो दिन पूर्व पानी नहीं आने की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं निकल पाया है। लालडांठ बिठौरिया नंबर एक कोहली कॉलोनी निवासी ललिता बिष्ट ने कहा कि शिकायती कंट्रोल रूम में एक अप्रैल को पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत दर्ज काराई थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए एई व जेई को निर्देश दिए गए हैं। सभी क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारू कराई जायेगी।

# प्रदेश में 12 नई शाखा खोलेगा नैनीताल बैंक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल बैंक को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 107.82 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है। बैंक का एनपीए 4 प्रतिशत से घटकर 1 प्रतिशत से कम रह गया है। नैनीताल बैंक इस वर्ष उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में 12 नई शाखाएं खोलने जा रहा है। जिसमें चार बैंक हल्द्वानी और तीन बैंक जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में खोले जाएंगे। ये बात शनिवार को नैनीताल बैंक प्रधान कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन ने कही।

उन्होंने बताया कि बैंक मोबाइल बैंकिंग वैन से अपनी सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचा रहा है। बैंक मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन नैनी डीजी भी जल्द जारी करने जा रहा है। जिससे बैंक के ग्राहकों को घर बैठे बैंकिंग की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि होम लोन लेने वाले ग्राहकों को नैनीताल बैंक 15 मिनट के भीतर लोन देने की सुविधा देने जा रहा है। बैंक जल्द डिजिटल बैंक यूनिट भी अपनी शाखाओं मे स्थापित करेगा। इस दौरान बैंक के चीफ ऑपरेटिंग अधिकारी डॉ. दीपक पंत, उपाध्यक्ष राहुल, संजय गुप्ता, प्रधान एवं बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता करते बैंक के प्रबंध निर्देशक निखिल मोहन समेत अन्य।

# मेडिकल क्रिकेट कप का फाइनल आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज और जीएमसी हल्द्वानी के बीच होगा मैच

**अमृत विचार :** एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित मेडिकल क्रिकेट कप का फाइनल मैच सोमवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज और जीएमसी हल्द्वानी के बीच खेला जाएगा। एसआरएमएस तीनों लीग मैच और जीएमसी हल्द्वानी दो लीग मैच जीत कर फाइनल में पहुंचे।

शनिवार को पहले मैच में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) हल्द्वानी के कप्तान शाहबाज अली ने टॉस जीतकर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एसआरएमएस ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 261 रन बनाए। जवाब में जीएमसी हल्द्वानी 20 ओवर में 187 रन ही बना सकी और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज ने 74 रन से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। एसआरएमएस के कप्तान रेहान अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल (आरएमसीएच) के कप्तान नोमान ने टॉस जीता और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बदायूं को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जीएमसी बदायूं की टीम 12.3 ओवर में 52 रन पर ऑलआउट हो गई। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज ने एक विकेट के नुकसान पर 5.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के नोमान खान मैन ऑफ द मैच बने।

### गुलदार ने कुत्ते को बनाया निवाला

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** गदगदिया व कालाढूंगी रेंज के जंगल से सटे ग्राम रतनपुर, पुरनपुर, देवीपुरा, नरीपुरा चकलुवा में गुलदार व बाघ का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह 9 बजे देवीपुर में गुलदार ने पालतू कुत्ते को निवाला बना दिया। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप असगोला ने बताया क्षेत्र में दो टैप कैमरे लगाए गए हैं। बाघ व गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।

**बैठक** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बैठक में लोनिवि, सिंचाई, राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# रकसिया, कलसिया नालों की सफाई के लिए आंकलन रिपोर्ट तैयार करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून में हर साल खतरा बनने वाले रकसिया, कलसिया, देवखड़ी नाला और नंधौर नदी को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को एक बैठक की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, राजस्व, सिंचाई और वन विभाग के अधिकारियों से तीन दिन के भीतर आंकलन रिपोर्ट तैयार करने को कहा।

एसडीएम परितोष वर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि देवखड़ी नाले में एकत्र कचरे की सफाई और निकासी के लिए वन विभाग ने लगभग 11 लाख 41 हजार, 5 वायरक्रेट और अन्य कार्यों का आंकलन तैयार कर लिया है। इसमें चाल-खाल बनाने की भी योजना है। जिलाधिकारी ने कहा कि वॉकवे से सौरभ होटल तक नालों में कूड़ा फंसने से पानी ओवरफ्लो होता है और काफी नुकसान होता है। ऐसे में नगर निगम मानसून के समय हर दिन इस क्षेत्र में टीम लगाकर सफाई कराए। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीएफओ रामनगर दिगंत नायक, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, ईई लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई बीएस नैनवाल, एसडीओ ममता चंद, प्रभारी अधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार, खान अधिकारी ताजबर नेगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कैंप कार्यालय में अधिकारियों संग बैठक करतीं जिलाधिकारी वंदना। ● अमृत विचार

### एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी नालों की सफाई

**हल्द्वानी :** एसडीएम पारितोष वर्मा ने बताया कि रकसिया नाले की लंबाई लगभग 10 किमी है। इस नाले में सिंचाई, वन और नगर निगम अपने क्षेत्रों में रिवर चैनलाइजेशन, कचरा और मलबा सफाई के कामतत्कालिक उपचार के तौर पर करेंगे। रकसिया नाले के दमवाढुंगा क्षेत्र में वन विभाग, चंबलपुर से रत्नपुर तक सिंचाई, रत्नपुर से लालडांठ और बिड़ला स्कूल के आसपास तक नगर निगम मलबा और कचरा हटाएगा। कलसिया नाले में सिंचाई विभाग पोकलैंड मशीन लगाकर चैनलाइजेशन की योजना तैयार की है।

### सूख रहीं नदियां और गधेरे होंगे रिचार्ज

**हल्द्वानी :** जिले की 20 नदियां और गधेरे सूखने की कगार पर हैं। इन्हें फिर से रिचार्ज करने की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। इसको लेकर कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में स्प्रिंग एवं रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि नदियों और गधेरों को रिचार्ज करने के लिए पौधारोपण, चैकडैम, जल संग्रहण क्षमता के साथ ही कैचमेंट का सर्वे कर प्लान बनाया जाएगा। रामनगर के लिए 5, बेतालघाट के लिए 5 और भीमताल के लिए 5-5 योजनाएं जल संस्थान और जल निगम टेकअप करेंगी। हल्द्वानी और लालकुआं में 15-15 रिचार्ज पिट उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे, जहां जलभराव होता है। पिट बनने से भू-जल स्तर भी बढ़ेगा। जिले में 80 जल स्रोतों, 20 स्ट्रीम्स और गधेरों के प्रोजेक्ट के लिए पंचायती राज विभाग के डीपीआरओ को ग्राम स्तरीय कार्य योजना के लिए जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी के साथ ब्लॉक स्तर पर बीडीओ और एडीओ पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया। जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि क्रिटिकल वाटर रिसोर्स के जीर्णोद्वार के लिए 80 स्रोत हेतु क्षेत्रों का चिन्हिकरण किया गया है, जो कार्यदायी संस्था वर्तमान में उन क्षेत्रों में कार्य कर रही है उन्ही कार्यदायी संस्था को कार्य दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी नियमित मानिटरिंग करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, डीएफओ सीएस जोशी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम मनोज कुमार, अशोक प्रजापति, जलसंस्थान आर एस लोशाली, नन्द किशोर आदि मौजूद रहे।






## एक नजर

### पीएम आवास योजना की अगली किश्त होगी जारी

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अगली किश्त का भुगतान जल्द किया जाएगा। वर्तमान में करीब 59 लोगों को अगली किश्त वितरित की जाएगी। नगर निगम के सामाजिक विकास अधिकारी सुरेंद्र अधिकारी ने बताया कि सोमवार से लाभार्थियों को भुगतान किया जाना शुरू किया जाएगा। योजना के तहत लाभार्थियों को 30 वर्ग मीटर जमीन पर दो कमरे, रसोई व स्नानघर आदि के लिए चार किश्तों में कुल दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। बताया कि योजना में नए आवेदन भी लिए जा रहे हैं। अब तक करीब 60 लोगों ने इसमें आवेदन किए हैं।

### गहतोड़ी के निधन पर शोक

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के निधन पर शिव सैनिकों ने शोकसभा की। कुमाऊं मंडल कार्यालय रेलवे बाजार में शिव सैनिकों ने गहतोड़ी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। कहा कि उनका निधन राज्य की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। इस दौरान शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार, जिला अध्यक्ष नैनीताल त्रिलोक सिंह, सुनील गुप्ता, सरजू प्रसाद पांडे, पदम पाल, अशोक सिंधी, राजू गुप्ता, भोपाल सिंह कार्की, खीमानन्द बलसोनी, खेमराज साहू, मनोज गुप्ता, प्रमोद आर्य, अभिषेक कश्यप आदि रहे।

# टूटी सड़कें, बजबजाती नालियां...ये है गौजाजाली बिचली

## वार्ड-60 का हालः- दुर्गा कॉलोनी, स्वामी विहार और भगत कॉलोनी के लोग पांच साल से देख रहे हैं विकास की राह, गलियों में रहता है अंधेरा

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**आबादीः 08 हजार करीब | मतदाताः 05 हजार करीब**





गौजाजाली बिचली के दुर्गा कॉलोनी में टूटी-फूटी सड़कों का हाल, नालियां चोक होने से सड़क पर भरा पानी व खाली प्लॉट में पड़ा कूड़े का ढ़ेर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र से नगर निगम में शामिल होने के बाद भी गौजाजाली बिचली वार्ड-60 के हालात नहीं बदले। करीब आठ हजार की आबादी वाले इस वार्ड में ज्यादातर सड़कें टूटी-फूटी हैं। मुख्य मार्गों की सड़कों की स्थिति ठीक नहीं होने से गौजाजाली बिचली, स्वामी विहार, भगत कॉलोनी आदि क्षेत्रों में रहने वाले लोगों व वाहन स्वामियों का चलना तक दूभर हो गया है। पानी की निकासी नहीं होने से नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है।

दुर्गा कॉलोनी में सड़क पर बह रही नाली के ऊपर पुलिया नहीं बनने से लोग खासे परेशान हैं। नजदीक के खाली प्लाटों में कूड़े का अंबार लगा है। लोगों ने नालियों के ऊपर अतिक्रमण तक लिया है। नगर निगम में शामिल होने के बाद लोगों को पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ मिलना भी बंद हो गया है।

**अब लग रही स्ट्रीट लाइटें:** गौजाजाली बिचली को नगर निगम में शामिल हुए 5 साल हो गए हैं, लेकिन ज्यादातर गलियों में आज भी अंधेरा है। कुछ जगहों पर पूर्व में लगी सौर ऊर्जा लाइटें हैं। कुछ दिन पूर्व ही वार्ड में स्ट्रीट लाइटें लगनी शुरू हुई हैं।

### शिलान्यास के बाद भी अटके कई कार्य

वार्ड 60 की कई सड़कों व अन्य कार्यों के शिलान्यास व टेंडर हुए महीनों हो गए हैं, लेकिन नगर निगम से पुराना भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदारों ने काम शुरू नहीं किया या फिर आधे में ही काम रोक दिया है। पुराने पंचायत भवन को तोड़कर पुस्तकालय बनाया जा रहा है, लेकिन 6-7 माह के बाद यह अब भी अधूरा है।

### वार्डवासी बोले



घर के सामने बह रहे नाले पर पुलिया नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता है। जिससे बदबू आती है। लोग खाली प्लाट में भी कूड़ा डाल देते हैं।
–शांति देवी, सारस्वत




पांच साल बाद भी गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं बनी और स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है।
–राजू केसरवानी



नगर निगम में शामिल होने का कोई लाभ नहीं मिला। सड़कें इतनी खराब हैं कि लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं। नालियों व गूल का पानी सड़कों बहता रहता है।
–मनोज पांडे



निकासी की व्यवस्था नहीं होने से लोगों का घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहता है, जिससे खराब सड़कों पर चलने में ज्यादा परेशानी होती है।
–शंकर दत्त पांडे



वार्ड में कहीं भी विकास नहीं हुआ है। पेयजल के लिए महीनों पहले सड़कें खोदी गईं, लेकिन नगर निगम को भुगतान होने के बाद भी सड़कें नहीं बनाई गई हैं।
– हरीश चंद्र भगत



पहले की तुलना में सुधार हुआ है। यहां गैस व कूड़े की गाड़ियां नहीं आती थीं, बिजली की वोल्टेज बहुत कम थी, लेकिन सड़कों की हालत आज भी खराब है।
– लीला डसीला

### डोब क्षेत्र में पेयजल संकट, लोग परेशान

**भीमताल :** भीमताल के समीप डोब क्षेत्र में मांग के अनुरूप पानी की आपूर्ति न होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व में आबादी कम होने से पेयजल लाइन उसी के हिसाब से बनाई गई थी। वर्तमान में आबादी बढ़ने से पानी की मांग भी बढ़ गई है। जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जल संस्थान से टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति कराने की मांग की है।

### मलिक के बगीचे में नापजोख जारी

**हल्द्वानी :** प्रशासन और नगर निगम की टीम ने शनिवार को भी मलिक के बगीचे में भूमि की नापजोख जारी रखी। इस दौरान कई घरों व दुकानों की नापजोख की गई। इससे पहले शुक्रवार को भी मलिक के बगीचे में नापजोख की गई थी। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि नापजोख पूरी कर ली गई है। इस जमीन पर कब्जेदारों की संख्या समेत अन्य जानकारियां जुटाई गई हैं। नापजोख पुलिस में दर्ज मामले की विवेचना के क्रम में की गई है। बीते आठ फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में नजूल की भूमि पर अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमला हुआ था।

## सार-संक्षेप

### डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर की नारेबाजी

**भीमताल :** हरीशताल-कौंता-पटरानी मोटर मार्ग में निम्न गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। पीएमजीएसवाई के द्वारा कराये जा रहे डामरीकरण के कार्य पर गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में रोष है। डामरीकरण को लेकर ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया था। उसके बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने पीएमजीएसवाई कार्यालय में अधिकारियों का घेराव कर रोष व्यक्त किया था। लेकिन अभी भी स्थिति जस की जस है। पूर्व दर्जाधारी मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर नारेबाजी की। उन्होंने डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच की मांग की।

### विधायक ने किया स्वतंत्र उद्यमिता परामर्श केंद्र का शुभारंभ

**रामनगर :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने शनिवार को स्वतंत्र उद्यमिता परामर्श केंद्र का पीरूमदारा में शुभारभ किया। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि परामर्श केंद्र का मकसद पहाड़ परिवर्तन योजना के तहत उत्तराखंड से पलायन को रोकना है। आयोजकों ने बताया कि खाद्य उत्पादों व अन्य उत्पादों को ऑनलाइन वेबसाइट के जरिए लोगों तक पहुंचाना है। इससे पहाड़ के गरीब तबके के लोगों को बहुत मदद मिलेगी। साथ ही पहाड़ी उत्पादों को देश-विदेश स्तर पर अलग पहचान मिलेगी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र चौहान, भाजपा युवा नेता जगमोहन सिंह बिष्ट, करनपुर सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत, कंपनी के महेश पनेरू, सीमा बिष्ट, एडवोकेट रोबिन सिंह, वीरेंद्र सिंह, रमेश सैनी व समस्त स्टॉफ आदि मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रा माही कनवाल को किया सम्मानित



मेधावी छात्रा माही को सम्मानित करते पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा।

**भवाली :** पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली भवाली की छात्रा माही कनवाल को उसके घर जाकर सम्मानित किया। उन्होंने माही को माता की चुनरी व बाबा नीम करौरी महाराज की फोटो भेंट की। वर्मा ने माही का उत्साहवर्धन करते हुए उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान माही के माता-पिता के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। माही कनवाल गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज की छात्रा है। प्रदेश में हाईस्कूल की परीक्षा में उसने 17वां स्थान प्राप्त किया है।

### इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल का कब्जा

**नैनीताल :** डीएसए मैदान में आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को भारतीय शहीद सैनिक स्कूल और सेंट जेवियर के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट जेवियर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 75 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में सैनिक स्कूल की टीम ने मात्र 11 ओवर में लक्ष्य को पूरा कर लिया। मैच के निर्णायक सचिन कनौजिया और मोहित बिष्ट रहे। जबकि हर्षित और वरुण ने स्कॉलर की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसे खेलों का आयोजन होना चाहिए। जिससे युवाओं की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। खेल प्रेमी मोहित आर्य ने मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया। इस दौरान सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता भी मौजूद रहे।

### पांच दिन का प्रशिक्षण, 90 पुलिस कर्मियों ने सीखी नई सीआरपीसी

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिला पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों को नई सीआरपीसी की जानकारी दी जा रही है। हल्द्वानी कोतवाली सभागार में शनिवार को प्रथम चरण में होने वाला पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हो गया। इसमें 90 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने नई धाराओं और अधिनियमों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। उत्तराखंड पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से आए मास्टर ट्रेनर और अभियोजन विभाग के लोगों ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सहायक अभियोजन अधिकारी आशीष गुप्ता, एसआई प्रताप सिंह नेगी, आशा पंचम और प्लाटून कमांडर श्याम पाल सिंह रावत ने नए भारतीय न्याय संहिता की जानकारीदी।

### सिंचाई नहरों को नष्ट कर रही है पेड़ों की जड़ें, विभाग बेखबर



सिचाई नहरों पर उग आई पेड़ों की जड़ें।

**रामनगर :** सिंचाई नहरों में जगह-जगह उग आए पेड़ों की जड़ों ने कई स्थानों पर नहरों को क्षतिग्रत करना शुरू कर दिया है। मगर विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर कतई नहीं है। नहरों में जगह-जगह उगे पेड़ों को छूती विद्युत लाइन भी जा रही है। गाहे बगाहे तेज आंधी और तूफान के कारण अक्सर पेड़ों की टहनियां तारों पर गिर जाती हैं। जिससे तार टूटकर जमीन में फैल कर कभी भी किसी हादसे को जन्म दे सकते हैं। मगर न तो सिंचाई विभाग अपनी नहरों की दीवारों में उग आए पेड़ों का कटान करने की जहमत उठा रहा है और न ही विद्युत विभाग इन वृक्षों की लापिंग की ओर ध्यान देता है। इन पेड़ों की जड़े फैलने से कई जगहों पर नहरे क्षतिग्रस्त भी हो चुकी हैं। क्षेत्रवासियों ने समय रहते विभाग से पेड़ों की जड़ों को कटवाने की मांग की है।

# देहदान और नेत्रदान का संकल्प लिया

- अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन ने लगाया शिविर
- एसटीएच के एमएस डॉ. तितियाल ने लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, हल्द्वानी



शिविर में देहदान और नेत्रदान के फार्म के साथ दानदाता व समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन की ओर से शनिवार को हिंदू धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने देहदान और नेत्रदान के लिए फार्म भरे। चिकित्सकों ने लोगों की शंकाओं का समाधान करने के साथ ही नेत्रदान और देहदान के लिए जागरूक किया।

इस दौरान सात लोगों ने देहदान और तीन लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया और जरूरी कागज भरे। कार्यक्रम में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के एमएस डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि नेत्रदान करके हम अपने जीवन के बाद दूसरे के जीवन में रोशनी दे सकते हैं। एनाटॉमी विभाग की डॉ. वंदना ने कहा कि देहदान से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले बच्चों को सीखने का मौका मिलता है। यह समझें कि यह महादान है। संस्था की अध्यक्षा सुचित्रा जायसवाल ने कहा कि जिन लोगों ने देहदान और नेत्रदान का संकल्प लिया है, उन्होंने मानवता पर उपकार किया है।

उपाध्यक्ष अरुण टंडन, सचिव सुमन पाठक और उपसचिव मिथुन जायसवाल ने बताया कि संस्था चाहती है कि देहदान और नेत्रदान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़े।

संस्था सदस्य कल्पना शर्मा, आरती कुमार, नीतू संवर ने हल्द्वानी में अंगदान की सुविधा होने की मांग की।

इस दौरान अमित, बलजीत कौर, मनोज चौधरी, रेनू कांडपाल, तरजीत कौर, सुरभि मल्होत्रा, सिम्मी सेठी रहे।

**इन्होंने किया देहदान**

1-कमला डसीला,
2-सरोज
3-नीलिमा वर्मा
4-दीपा पुनेरा
5-आन सिंह डसीला
6-बिपिन चंद्र जोशी
7-सीमा जोशी

**इन्होंने किया नेत्र दान**

1-रविन्द्र कुमार सक्सेना
2-चमन सक्सेना
3-महेश सिंह गड़िया

# ग्रीन फील्ड, ग्रेट मिशन व एमपी की टीम जीती

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक के तत्वाधान में दो दिवसीय अंतर विद्यालयी बास्केट बॉल टूर्नामेंट के पहले दिन शेमफोर्ड स्कूल प्रतापपुर को ग्रीन फील्ड अकादमी ने 37-22 से, एमपी इंटर कॉलेज रामनगर ने ब्राइट स्टार स्कूल जसपुर को 14-9 तथा ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक ने सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल पीरुमदारा को 22-4 से पराजित किया। शनिवार को टूर्नामेंट का उद्घाटन ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, सांसद प्रतिनिधि इन्दर रावत, एनाआईएस के कोच जितेंद्र बिष्ट एवं मयंक कुमार, स्कूल निदेशक डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, प्रणय श्रीवास्तव, एवं प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर किया।



बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# कुविवि प्रशासन को ग्रेड का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग के लिए पुनर्मूल्यांकन को आई राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम का निरीक्षण पूरा हो गया है। अब विवि प्रशासन को नैक टीम की तरफ से दिए जाने वाले ग्रेड का इंतजार है।

टीम ने अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन जमा कर दी गई है। तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को टीम के चेयरमैन प्रो. टीवी कट्टीमनी ने देवदार सभागार में एग्जिट मीटिंग की। इसमें नैक टीम ने रिपोर्ट की एक कॉपी बंद लिफाफे में कुलपति को भी दी। फिलहाल यह रिपोर्ट तब तक लिफाफे में बंद रहेगी, जब तक नैक से विवि की नई ग्रेड को लेकर रिजल्ट जारी नहीं कर दिया जाता। नैक पीयर टीम में चेयरमैन प्रो. टीवी कट्टीमनी ने सृजनात्मक शिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा वक्त में जरूरी है कि शिक्षण पद्धति की तमाम नई तकनीक और संसाधनों को अपनाया जाए। कहा कि यदि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है तो उनके ज्ञान और कौशल के स्तर को बढ़ाना होगा। एक्जिट मीटिंग में निदेशक डीएसबी परिसर प्रो. नीता बोरा, कुलसचिव दिनेश चंद्रा, वित्त नियंत्रक अनीता आर्या, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, प्रो. प्रदीप गोस्वामी, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. संजय पंत, प्रो. एमसी जोशी, प्रो. दिव्या उपाध्याय, प्रो. गीता तिवारी, डॉ. नागेंद्र शर्मा, उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी, डॉ. संजीव कुमार मौजूद रहे।

### एमबीपीजी में ओएमआर शीट से होगी परीक्षा

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में परीक्षाओं को लेकर शनिवार को बैठक हुई, जिसमें सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। तय हुआ कि पहली बार कॉलेज में ओएमआर शीट के माध्यम से विद्यार्थी परीक्षा देंगे। ओएमआर शीट में अनुक्रमांक संबंधित जानकारी और गोले भरने के बारे में बताया गया। परीक्षा ड्यूटी वाले प्राध्यापकों को जानकारी दी गई, जिससे वे परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन कर सकें। साथ ही कॉलेज में हुई एक दूसरी बैठक में कॉलेज में अगले साल होने वाले नैक के दौरे के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इसके लिए 15 बिंदु बनाए गए हैं। बैठक में पिछली बार की कमियों को दूर करने पर चर्चा की गई। डॉ. सीएस नेगी ने बताया कि एसएसआर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। विभिन्न विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों की ग्रेडिंग के लिए नैक की टीम इन दिनों दौरे पर है। बीते दिनों कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में टीम ने दौरा किया। इस दौरान एमबीपीजी प्रधानाचार्य एनएस बनकोटी, डॉ. सीएस नेगी, परीक्षा प्रभारी महेश सिंह, असिस्टेंट प्रो. नवल लोहनी समेत अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।



एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित बैठक में उपस्थित प्राचार्य और अन्य। ● अमृत विचार

# नए यातायात प्लान के तहत वाहनों का सफल ट्रायल

- प्रोजेक्ट डिजाइन के तहत डाठ क्षेत्र में हुई मार्किंग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन को लेकर नैनीताल में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर को जाम मुक्त रखने के लिए प्रस्तावित शहर के सात चौराहों में शामिल तल्लीताल डांठ के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण से पूर्व यातायात व्यवस्था का सफल ट्रायल किया गया।

लोनिवि की ओर से नोएडा की अनुबंधित संस्था के डिजाइन पर डाठ क्षेत्र में चिन्हिकरण और डिवाइडर लगाए गए। प्लान के तहत अब शहर में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह से वन वे व्यवस्था रहेगी। लोनिवि की ओर से बनाये गए 5.49 करोड़ के प्रोजेक्ट की शासन से स्वीकृति मिलने के बाद चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था की ओर से तल्लीताल डांठ के लिए बनाया गया डिजाइन यातायात व्यवस्था के लिए बेहतर होगा या नहीं इसका शनिवार से ट्रायल किया गया। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि नोएडा की एक संस्था के सदस्य के प्रस्तावित डिजाइन के आधार पर तल्लीताल डांठ में एक सप्ताह तक यातायात संचालन का ट्रायल किया जाएगा।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप


नगर आयुक्त के शीघ्र स्वस्थ होने को यज्ञ करते पूर्व विधायक ठुकराल व समर्थक।

### नगर निगम आयुक्त के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए किया यज्ञ

**रुद्रपुर :** गुरुग्राम में अस्पताल में भर्ती पीसीएस अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त के शीघ्र स्वास्थ्य होने को लेकर आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ हुआ। जहां पूजा अर्चना कर नगर आयुक्त के दीर्घायु की कामना की। शनिवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की मौजूदगी में समर्थक आर्य समाज मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। जहां पुरोहित प्रभात कुमार के साथ पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया। इस मौके पर संजय ठुकराल, सुनील चुघ, राजकुमार भुसरी, जगदीश सुखीजा, रामकुमार गुप्ता, केरू मंडल, चिराग कालड़ा, सुदीप सिंह, शिपपद सरकार, हरिओम पासवान, बंटी राजौरिया, हैप्पी चौहान, मुकेश सिंह, हिम्मतराम कोली, सुरेंद्र गुप्ता, मनोहर सिंह, अजय नारायण, विकास बंसल, शैलेंद्र कोली, जॉमी चांडा, उमेश कोली, संदीप डोगरा, सुरेंद्र रावल आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को आधुनिक तकनीक से दी जा रही शिक्षा

**रुद्रपुर** : जैन ग्लोबल स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने कहा कि स्कूल में बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर शिक्षा दी जा रही है। स्कूल में छात्रों को पढ़ाई के साथ ही रोबोटिक लैब, साइंस लैब, इंग्लिश लैब, मैथ्स लैब आदि आधुनिक तकनीक से शिक्षा दी जा रही है। शनिवार को स्कूल में पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रधानाचार्य गुप्ता ने बताया कि छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही खेलों के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल की छात्रा अन्नया अग्रवाल का चयन वाको इंडिया नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 21 से 26 मई तक महाराष्ट्र में होगी। इसके लिए उन्होंने अन्नया को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी है।


दीपक गुप्ता।


कार्यशाला के दौरान बैग के माध्यम से जागरूक करते विद्यार्थी।

### कल्याणी नदी की सफाई और कचरा प्रबंधन पर मंथन

**रुद्रपुर** : कल्याणी नदी की सफाई और कचरा प्रबंधन को लेकर आरएएन स्कूल सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ, जहां पर्यावरण संरक्षण, शहर का सौंदर्यीकरण, कचरा प्रबंधन सहित कई मुद्दों पर मंथन किया। वहीं विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान सहित अपने सुझावों को भी रखा। कार्यशाला का आयोजन रोटरी क्लब एवं इंटरेक्ट क्लब द्वारा किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ. बीएस बिष्ट, सुमित बहल, जय प्रकाश अग्रवाल, संस्थान के प्रबंधक मोहित राय, डॉ. नीतिका पांडे, विनोद कुमार और करण सिंह ने किया। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को पौधे देकर स्वागत किया।

### अजय भट्ट ने गहतोड़ी के निधन पर जताया दुख



**रुद्रपुर :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष व चंपावत के पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि गहतोड़ी का जाना समाज और पार्टी के लिए गहरी क्षति है। गहतोड़ी ने जीवन भर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज इस दुखद खबर से उनका मन व्यथित है। दुख की घड़ी में पूरी पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है। वे ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।

# चार दिन बाद मिला शारदा नहर में नहाते समय डूबे छात्र का शव

## घटना स्थल से 500 मीटर दूरी पर मिला, तलाश में जुटीं थीं पुलिस, एसडीआरएफ व अन्य टीमें

संवाददाता, खटीमा


राजा डसीला।

**अमृत विचार:** झनकइया स्थित शारदा नहर में चार दिन पहले नहाते समय डूबे राजा डसीला का शव शनिवार को घटना स्थल से 500 मीटर दूरी पर मिल गया। राजा की तलाश में पुलिस, जल पुलिस, एसडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें चार दिनों से पसीना बहा रही थी।

पिथौरागढ़ के गांव कौंडे डीडीहाट निवासी राजा डसीला 20 पुत्र प्रतिपाल सिंह डसीला पिछले 6-7 महीने से नगर के एक शिक्षण संस्थान में हॉस्टल में रहकर होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहा था। एक मई को अवकाश के चलते वह अपने दो अन्य साथियों के साथ झनकइया में शारदा नहर में नहाने आया था। इसी दौर पैर फिसल जाने से वह नहर में डब गया था। थाने के सामने की घटना के चलते पुलिस ने तत्काल तलाश शुरू कर दी। इधर जल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूरे दिन तलाश में जुट रहे। सफलता न मिलने पर दूसरे दिन एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी मौके पर पहुंच गई। जिनके चार दिनों के प्रयास के बाद आज राजा डसीला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा है।


खटीमा की शारदा नहर में अभियान चलातीं एनडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

### जिलाधिकारी उदयराज सिंह पहुंचे नागरिक अस्पताल

**खटीमा :** शारदा नहर में डूबे राजा डसीला की तलाश में टीमों के जुटने के बावजूद जिलाधिकारी उदयराज सिंह घटना स्थल पर जा रहे थे। जब उन्हें सूचना मिली कि शव बरामद हो गया है और नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह अस्पताल परिसर में परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। वहीं एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार राय के प्रयासों को सराहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, तहसीलदार हिमाशु जोशी आदि मौजूद थे।

### राजा की तलाश में चार दिन तक जुटी रही टीमें

**खटीमा :** शारदा नहर में डूबे राजा डसीला की तलाश में थानाध्यक्ष अनिल जोशी, उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा, लक्ष्मण दत्त जोशी, विपिन कुमार, अजय मेहता के साथ ही अपनी-अपनी टीमों के साथ एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर सुरेंद्र नेगी, जल पुलिस के प्लाटून कमांडर नीलम चंद और पीएसी 31 वाहिनी के जवान शामिल रहे।

# नेचुरल रिसोर्स डिवाइस तैयार करने पर मिला पेटेंट

संवाददाता, रुद्रपुर

**उपलब्धि**

- भारतीय पेटेंट कार्यालय ने दिया प्रमाण पत्र, एसबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य समेत प्राध्यापकों ने दी बधाई

**अमृत विचार:** एसबीएस महाविद्यालय के गणित विभाग में कार्यरत डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार और रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.भारत पांडे को उनके द्वारा नेचुरल रिसोर्स डिवाइस तैयार करने के लिए दो अलग-अलग पेटेंट ग्रांट हुए हैं। इसके लिए भारतीय पेटेंट कार्यालय की ओर से डॉ. पडियार को प्रमाण पत्र मिला है।

शनिवार को महाविद्यालय के डॉ. पडियार और डॉ. पांडे ने बताया कि उनके द्वारा किए कार्य और चार पहिया वाहन की एक नई डिजाइन जिसे अलग-अलग कार्य के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए दो अलग-अलग पेटेंट ग्रांट हुए हैं। डॉ.पडियार शोध कार्य ऑपरेशन रिसर्च के इन्वेंटरी मैनेजमेंट से संबंधित है जिसमें उनके द्वारा 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र तैयार किए गये हैं।

शोध और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें पूर्व में कई अवॉर्ड भी मिल चुके हैं। इसमें उत्तराखंड टीचर ऑफ द ईयर, अंतरराष्ट्रीय विशिष्ट अचीवर अवार्ड, देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार आदि शामिल हैं। इसी तरह डॉ. पांडे यूजीसी केयर, नेचर एंड साइंस समेत कई अन्य विषयों पर अनुसंधान पत्र प्रकाशित किये हैं। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किए हैं। इसके लिए उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार समेत कई पुरस्कार भी मिले हैं। डॉ. पडियार और डॉ. पांडे की इस विशेष उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


डॉ. सुरेंद्र विक्रम।


डॉ.भारत पांडे।

# योगेश पंत चुने गए सचिव


पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के विजयी प्रतिभागी। ● अमृत विचार

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के वर्ष 2024-25 के चुनाव में योगेश पंत सचिव, ज्योति व अजीत सिंह यादव संयुक्त सचिव चुने गए हैं। जबकि मुख्य संयोजक में प्रभाकर जोशी व डॉ. मंजु जोशी, कोषाध्यक्ष में प्रताप सिंह नेगी व क्रिकेट संयोजक शशांक शर्मा को विजयी घोषित किया गया।

शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय के डॉ. बीबी सिंह ऑडिटोरियम में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के चुनाव में कुल 408 पंजीकृत सदस्यों में से 320 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें सचिव पद के लिए 320 में चार मत निरस्त होने के बाद 316 मतों में योगेश पंत को 190 एवं डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह को 126 मत मिले। इस तरह योगेश पंत 64 मतों से विजयी हुए। इसके अलावा संयुक्त सचिव के 320 में से 17 मत निरस्त होने के बाद 303 मतों में से ज्योति को सबसे अधिक 234, अजीत सिंह यादव को 205 व सुदीश राय को 167 मत मिले। जिसमें ज्योति व अजीत सिंह यादव को विजयी घोषित किया गया। मुख्य संयोजक के दो पदों के लिए 320 में 18 मत निरस्त होने के बाद 302 मतों में से प्रभाकर जोशी को 239, डॉ. मंजु जोशी को 190 व खीम सिंह को 175 मत मिले। इस तरह प्रभाकर जोशी व डॉ. मंजु जोशी को विजयी घोषित किया गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए 320 में पांच मत निरस्त होने के बाद 315 मतों में प्रताप सिंह नेगी को 171 व चमन वर्मा को 144 मत मिले। इस तरह प्रताप सिंह नेगी 37 मतों से विजयी घोषित किए गए। जबकि संयोजक क्रिकेट में कुल 320 मतों में पांच मत निरस्त होने के बाद 315 में शशांक शर्मा को 193 और डॉ. भुवन चंद्र शर्मा को 123 मत प्राप्त हुए। जिससे शशांक शर्मा 70 मतों से विजयी घोषित किए गए।


मुख्य अतिथि उमेद सिंह चौहान को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी व अन्य।

### क्षत्रिय समाज की एकजुटता पर दिया जोर

**बाजपुर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की स्थापना के लिए 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुवली मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत पर जोर दिया। शनिवार को वार्ड नंबर-सात मोहल्ला संजय कालोनी में स्थित क्षत्रिय महासभा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विज्ञानी उमेद सिंह चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.उदयराज सिंह चौहान, महिला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता चौहान, महामंत्री संजीव कुमार सिंह किच्छा आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। कृष्णा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने वंदना, स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को शाल ओढ़ाकर व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के राष्ट्रीय सदस्य एसएन सिंह ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अशोक कुमार चौहान, धूम महादुर सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह रावत, महिपाल सिंह चौहान, लाल सिंह, केपी सिंह, धनन्जय सिंह, मनोज सिंह बिष्ट, रविंद्र सिंह शेखावत, विशाल चौहान, राजपाल सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

### मिन्टू मिस्टर फेयरवेल और हिमांशी बनीं मिस फेयरवेल

**काशीपुर :** श्रीराम इंस्टीट्यूट के बहुउद्देशीय सभागार में बीसीए विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रैंप पर चहलकदमी कर अपना जलवा बिखेरा। इन कार्यक्रमों के अलावा सीनियर्स के लिए विभिन्न प्रकार की फन गेम्स भी आयोजित किये गये। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. (डॉ.) योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के आधार पर निर्णायक मण्डल ने मिन्टू को मिस्टर फेयरवेल व हिमांशी मनराल को मिस फेयरवेल तथा ऋषभ गोला व रचना भट्ट को रनर अप से सम्मानित किया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, संस्थान के निदेशक प्रो. योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, सह प्राध्यापक शरद रुहेला, प्रगति सिंह, बलविन्दर सिंह व समस्त प्रवक्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।


अमृत विचार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523


**NOTICE**

I, Trilok Singh Bisht F/o Army No 18021857W, Rank SPR, Name Sagar Bisht, presently residing at Vill- Matila, Post Office Shitalakhet, Tehsil Ranikhet, Distt Almora, Uttarakhand state that I have changed my name from Trilok Singh to Trilok Singh Bisht.

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पति स्व. मंगल कुमार का उपनाम सतीश चंद्र पुत्र स्व. सुदमा लाल जी निवासी सर्राफा चौक रामनगर है। मंगल कुमार एवम सतीश चंद्र दोनों एक ही नाम है। उन्हें दोनों ही नाम से जाना पहचाना जाता है। अगर किसी को आपत्ति हो तो वह दस दिन के अंदर अपनी आपत्ति एसडीएम कार्यालय या कानूनगो रामनगर के यहाँ दर्ज करा सकता है।
- अंजू अग्रवाल, निवासी सर्राफा चौक, रामनगर, नैनीताल।


## अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत, क्या करें क्या न करें।

- यदि आवश्यक न हो तो दोपहर को घर से बाहर न निकलें।
- कड़ी धूप में परिश्रम का कार्य न करें।
- पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थो पेय का सेवन करें।
- प्रत्येक दिन तीन से पांच लीटर पानी का सेवन करें।
- चाय-कॉफी / कोल्ड ड्रिंक की बजाय प्राकृतिक ताजे फलों का रस या छांछ का सेवन किया करें।
- गर्मी में बदन को पूरे ढ़कने वाले कपड़े जैसे फुल कमीज पेन्ट पहन कर ही निकलें तथा गर्मी में सिर को ढक कर ही निकले तथा हल्के रंग के व ढीले कपड़े पहनें।
- तेज धूप में छाते का इस्तेमान करें।
- लू लगने के लक्षण जैसे बैचेनी होना, मुँह सूखना, जी मिचलाना, सिर दर्द होना, पेशाब का कम आना आदि होने पर चिकित्सक से परामर्श लें व घर में छायादार व ठण्डे कमरे में आराम करें ठण्डे पानी की पट्टियां शरीर पर रखें व शीतल पेय पदार्थ लें।

नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज एण्ड ह्यूमन हेल्थ (एन0पी0सी0सी0एच0एच0)

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनहित में जारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ऊधमसिंह नगर

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर**

पत्रांकः- एन.पी.सी.सी.एच.एच./लू/2024-25/4141 दिनांक : 03-05-2024



## डायरिया (दस्त) के दृष्टिगत, क्या करें क्या न करें।

**डायरिया को हिन्दी और आम बोलचाल की भाषा में दस्त (Loose Motion) भी कहते हैं।**

**डायरिया के लक्षण**

- अत्यधिक पतला पानी जैसा मल त्याग होना।
- पेट में दर्द की शिकायत होना।
- शरीर में पानी की कमी होना तथा अत्यधिक प्यास लगना।
- पानी की कमी से हाथ-पैर की मांसपेशियों में दर्द होना।
- बुखार आना।
- मल के साथ खून आना।
- बदहजमी की शिकायत होना।
- कभी-कभी मतली के साथ उल्टी होना।

**डायरिया से बचाव व इलाज हेतु क्या करें -**

- शुद्ध व ताजा पानी का सेवन करें अथवा 20 मिनट पानी को उबाल कर रखे तथा फिर प्रयोग करें।
- अच्छी तरह पका हुआ, ताजा एवं सुपाच्य भोजन का सेवन करें।
- बार-बार हाथों को साबुन से धोएं तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- चाय, कॉफी, सोडा, चॉकलेट एवं शराब के सेवन करने से बचें।
- डायरिया होने पर अधिक फाइबर, मसालेदार, तैलीय और मीठी चीजों के सेवन से बचें।
- डायरिया होने पर ओ.आर.एस. घोल का प्रयोग अवश्य करें।
- डायरिया के लक्षण दिखाये देने पर तुरन्त डॉक्टर से परामर्श कर उचित इलाज कराएं।

एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आई0डी0एस0पी0)

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनहित में जारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ऊधमसिंह नगर

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर**

पत्रांक : आई.डी.एस.पी./डायरिया/2024-25/4142 दिनांक : 03-05-2024


# हज आवेदकों को कोविड वैक्सीन का सर्टिफिकेट जमा करना होगा

**जसपुरः** उत्तराखण्ड में हज यात्रियों का प्रशिक्षण 6 मई से शुरू किया जायेगा। इसके लिए हज आवेदकों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं कोविड वैक्सीन की दोनों डोज का सर्टिफिकेट साथ लाना होगा। समिति के चेयरमैन खतीब अहमद की ओर से ईओ मो.मीसम ने बताया कि 6 मई को देहरादून के मदरसा जामिया उल-उलूम प्रीति एनक्लेव में शिविर का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें देहरादून, टिहरी गढ़वाल एवं रुद्रप्रयाग जनपद के हज आवेदक शामिल रहेंगे, 7 मई को हज हाउस पीराने कलियर में हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल जनपद के हज आवेदक रहेंगे, 9 मई को काशीपुर के असमी पैलेस में जसपुर, कुंडा, काशीपुर, बाजपुर व गदरपुर के हज यात्रियों को प्रशिक्षण व टीकाकरण किए जाने का कार्यक्रम तय किया है। उसके बाद 11 मई को सितारगंज के जोया पैलेस में खटीमा, रूद्रपुर, सितारगंज, किच्छा व नानकमत्ता समेत जनपद चम्पावत के यात्रियों के लिए शिविर की योजना है। इसी तरह 12 मई को हल्द्वानी के मदरसा इशाअतुल हक किदवई नगर में रामनगर, हल्द्वानी, कालाढूंगी व नैनीताज जनपद के शेष क्षेत्र एवं अल्मोड़ा व पिथौराढ़ जनपद के यात्री शिविर में शामिल होंगे। सभी शिविर प्रातः दस बजे से शुरू किए जाएंगे।

# हरे कृष्णा, हरे रामा की गूंज


अखंड महानाम संकीर्तन गाते कीर्तन मंडली के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** चैतन्य महाप्रभु अखंड महानाम संकीर्तन कीर्तन में जिलेभर से आई कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया। कीर्तन मंडलियों ने हरे कृष्णा-हरे कृष्णा, हरे रामा- हरे रामा हरे हरे हरे...कीर्तन गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इससे पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। शनिवार को गोविंद सेवाश्रम मोतीपुर नंबर-1 के संरक्षक स्वामी कृष्णानंद महाराज के सानिध्य में 16 प्रहर चैतन्य महाप्रभु अखंड महानाम संकीर्तन में राधा- रानी संप्रदाय नेतानगर, गोपाल संप्रदाय अमृत नगर नंबर- एक, हरि गोपाल संप्रदाय धर्मनगर व राधा-कृष्ण संप्रदाय दिनेशपुर की कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। अनुष्ठान में सच्चू मनोचा, गोवर्धन दास, सुधीर गोसाई, प्रमोद अरोरा, वप्पी विश्वास, पवित्र ढाली, आदित्य मास्टर, सुभाष मिस्त्री, नंद गोपाल, प्रमोद बोरा, विनय कुमार, खोकन, मृनाल, सुभाष मंडल, विश्वजीत बैरागी, निमाई, लता देवी, रविंद्र नाथ, सागर सिंह आदि समेत सेवक दल के सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### टैलेंट आइडेंटिफिकेशन में 800 बच्चों ने लिया भाग

**काशीपुर :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) काशीपुर में 1 से 4 मई तक आयोजित खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) परियोजना में 800 बच्चों ने भाग लिया। शनिवार को काशीपुर साई में कीर्ति परियोजना कार्यक्रम का समापन हो गया। इस दौरान 9 से 18 साल ने बालकों ने माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग में प्रतिभाग किया। इसमें काशीपुर, जसपुर, गदरपुर, सितारगंज, रूद्रपुर, नैनीताल, देहरादून, खटीमा आदि क्षेत्रों से करीब 800 बालकों ने भाग लिया। केंद्र में एक हजार बच्चों के प्रतिभाग कराने का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 10 व्यायाम शिक्षक, नेहरू युवा केंद्र के 14 वॉलिएंटर और कोचों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केंद्र प्रभारी ज्योति शाह ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य भारत में खेल प्रतिभाओं की खोज कर उनका पोषण करना है।

### एक से आठ तक की कक्षाओं की किताबें बांटीं

**काशीपुर :** शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से लेकर आठ तक के छात्र-छात्राओं को किताबें वितरित कर दी है, जबकि कक्षा नौ से लेकर 12वीं तक के बच्चों को अभी किताबों का इंतजार है। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले एक दो दिनों में सभी बच्चों को किताबें वितरित कर दी जायेंगी। आपको बता दें की शिक्षा विभाग कक्षा एक से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क किताबें वितरित करता है। नया सत्र शुरू होने के बाद अब तक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को वितरित कर दी है। लेकिन कक्षा नौ से 12वीं तक के बच्चों को अब तक किताबें नहीं मिली है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
**स्मृतियाँ शेष**
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
**साइज व रेट**
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट करने में छह लोग नामजद

**खटीमा :** पुलिस ने घर में घुसकर लाठी व डंडों से मारपीट करने वाले छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वार्ड संख्या दो नई बस्ती इस्लामनगर निवासी रमजनी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर शाम वह अपने घर पर ही था कि इस्लामनगर नई बस्ती के कुछ लोग लाठी, डंडों के साथ घर में घुस गए और गाली गलौज करने लगे, जिसका विरोध करने पर इन लोगों ने लाठी व डंडों से मारपीट की और लोगों के इकट्ठा होने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने रमजानी की तहरीर पर राजदा, हिना, अनीस, बाबू, अलीम सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्मैक के साथ गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गश्त के दौरान एक स्मैक विक्रेता को गिरफ्तार कर स्मैक बरामद की है। तीन मई को दरोगा गणेश पांडेय पुलिस टीम के साथ शिवनगर–किच्छा रोड स्थित गंगापुर गेट पर गश्त कर रहे थे। एक युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित वर्मा निवासी वार्ड–सात आजाद नगर ट्रांजिट कैंप बताया। आरोपी के कब्जे से 8.66 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह मौसा–मौसी नाम से चर्चित स्मैक सप्लायर से स्मैक लेकर महंगे दामों पर बेचता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

### मंदिर से पीतल की मूर्ति चोरी

**काशीपुर :** मोहल्ला गंज से चोरों ने भगवान की मूर्ति चोरी कर ली। शनिवार को अक्षित मिंडा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोहल्ले में महादेव का मंदिर है। इसमें भगगवान की पीतल की मूर्ति स्थापित है। आरोप लगाया कि शुक्रवार देर रात चोरों ने मूर्ति को चोरी कर लिया। कहा कि सुबह जब लोग पूजा करने गए तो मंदिर में रखी मूर्ति अपने स्थान से गायब मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रास्ता बंद करने का आरोप

**खटीमा :** हल्दी गांव निवासी शीशमती ने उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वह हल्दी गांव में पिछले 70 सालों से परिवार के साथ रह रही है। यह भी कहा कि उसके घर जाने का 10 फुट चौड़ा सरकारी रास्ता है। जिसे गांव गांव का ही एक व्यक्ति दीवार खड़ी कर बंद कर रहा है। यह भी कहा है कि पीड़िता ने 22 जून 2019 को भी इस संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र दिया था। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने कहा है कि अब यह व्यक्ति पुन: दीवार खड़ी कर रास्ते को बंद कर रहा है। पीड़िता ने रास्ता बंद करने से रोकने की गुहार लगाई है। एसडीएम बिष्ट ने राजस्व उप निरीक्षक से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

### प्रसिद्ध सिलबट्टा बाजार, ढोलक बाजार में 40 प्रतिशत कम हुआ कारोबार, पांच मई तक चलेगा मेला, छह को लौटने लगेंगे कारोबारी

# महंगाई से चैती मेले में लड़खड़ाया कारोबार, मायूस हुए दुकानदार

चिंता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेले में आकर्षण का केंद्र रहने वाले ढोलक बाजार, सिलबट्टा बाजार में महंगाई ने कारोबार को लड़खड़ा दिया है। स्थिति यह है कि 40 प्रतिशत कारोबार पर महंगाई का असर देखने को मिला है। इससे दूरदराज से बाजार लगाने आए लोग मायूस हैं।

बीते नौ अप्रैल को चैती मेले का शुभारंभ किया गया था। रविवार की देर शाम तक मेला चलेगा। इसके बाद कारोबारी लौटने लगेंगे। कारोबारियों के अनुसार हर बार उनको चैती मेले से दोगुना मुनाफा होता था। लोग सिलबट्टा और ढोलक खरीदने को उमड़ते थे। ढोलक बाजार अमरोह के लोग लगाते हैं, जबकि सिलबट्टा बाजार मुरादाबाद व अन्य जगहों से लोग आते हैं, लेकिन इस बार दुकानें महंगी होने से कारोबार पर इसका सीधा असर पड़ा है। बताया कि लोग भी मेले में खरीदारी को कम ही आ रहे हैं। अन्य सालों में लोगों को ढोलक व सिलबट्टा खरीदने का क्रेज रहता था। बताया कि अभी तक 60 प्रतिशत ही कारोबार हुआ है, 40 प्रतिशत कारोबार नहीं होने से लोग परेशान है। बताया कि अगले साल कारोबारी सोच समझ कर ही मेले में आएंगे। उन्होंने मेला प्रशासन से दुकानों के किराए को कम करने की मांग की है। वहीं मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेला लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया की जाती है।



चैती मेले में ग्राहकों का इंतजार करते कारोबारी। ● अमृत विचार

#### 15 रुपये किराया देकर लगाते थे दुकान

कारोबारियों के अनुसार चैती मेले में दुकानें लगाना उनका पुस्तैनी काम है। बताया कि कई साल पहले 15 रुपये देकर दुकानें लगाते थे। आज 40 से 50 हजार रुपये किराया देने पड़ रहा है।



दुकानें महंगी मिली हैं। लोग भी कम खरीदारी करने आ रहे हैं। इससे ढोलक कारोबार 40 प्रतिशत कम हुआ है। अगली बार सोच समझकर ही चैती मेले में आएंगे।
–**नसीम अहमद**, ढोलक कारोबारी।



मुरादाबाद से सिलबट्टा बाजार लगाने आए हैं। महंगाई ने हमारे कारोबार पर असर डाला है। पूरे परिवार के साथ हम लोग चैती मेले में आते हैं। कुछ दिन रुकने के बाद वापस लौट जाएंगे।
–**विक्रम**, सिलबट्टा कारोबारी।



ढोलक बाजार लगाना हमारा पुस्तैनी काम है। एक दर्जन से अधिक लोग अमरोहा से ढोलक बेचने आते हैं, लेकिन कारोबार कम होने से रोजी रोटी का संकट गहरागया है।
–**मोहम्मद कैफ**, ढोलक कारोबारी।



पूरे दिन सिलबट्टा बनाने में लग जाता है। रात को मेला शुरू होते ही ग्राहकों का इंतजार करते हैं, बावजूद इसके मेहनत के अनुसार दाम नहीं मिल रहा है।
–**रणजीत सिंह**, सिलबट्टा कारोबारी।

## कॉलोनी में तेंदुए की दस्तक से लोग सहमे

**काशीपुर:** पॉश कॉलोनी में तेंदुए की दस्तक से दहशत का माहौल हो गया। तेंदुआ कॉलोनी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कॉलोनी वासियों ने इसकी शिकायत वन विभाग से की है। मानपुर रोड स्थित कौशांबी कॉलोनी में पिछले काफी समय से तेंदुए की धमक के चलते लोगों में भय का माहौल है। शुक्रवार रात एक तेंदुआ कॉलोनी निवासी मनीष शर्मा के घर के सामने घूमते देखा गया। यह घटना उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। रात को कुत्तों के अत्याधिक हल्ला करने पर सुबह उन्होंने अपना सीसीटीवी चेक किया तो उसमें तेंदुआ बड़े आराम से घूमता हुआ दिखा। वन विभाग के अधिकारी देवेंद्र रजवार ने बताया कि क्षेत्र में वन विभाग की गश्त बढ़ा दी गई है। वहीं लोगों से भी सतर्क अंधेरे में अकेले घर से बाहर निकलते समय सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं।

# काशीपुर और बाजपुर में आग लगी तो बुझाने के लिए पानी तक नहीं

### जल संस्थान के 30 में से आठ फायर हाइड्रेंट खराब, सुबह और शाम को ही आता है पानी

अव्यवस्था

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**24** घंटा पानी उपलब्ध कराने के लिए अग्निशमन विभाग ने अधिकारियों को भेजा पत्र

**30** एकड़ तक गेहूं की फसल जलकर खाक हुई, वहीं इस महीने अब तक आग की सात घटनाएं हुई

**अमृत विचार :** काशीपुर, बाजपुर समेत आस-पास के क्षेत्रों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग के पास पानी की पूरी व्यवस्था नहीं है। आग को बुझाने के लिए विभाग के पास 30 फायर हाइड्रेंट तो है, लेकिन इसमें से आठ फायर हाइड्रेंट खराब हो चुके हैं। ऐसे में अग्निशमन के कर्मियों को वाहनों को दोबारा रिफल करने के लिए काफी लंबा सफर तय करना पड़ता है। अन्य हाइड्रेंट में सुबह और शाम को ही पानी आता है।

काशीपुर में अग्निशमन विभाग के पास 30 फायर हाइड्रेंट हैं। इन फायर हाइड्रेंट में पानी की व्यवस्था करना जलसंस्थान की जिम्मेदारी होती है, ताकि आग लगने पर अग्निशमन हाइड्रेंट के पानी से आग की घटनाओं को बुझाया जा सके। फायर हाइड्रेंट की स्थिति ऐसी है, की या तो फायर हाइड्रेंट खराब है और अगर हाइड्रेंट ठीक है तो पानी केवल सुबह और शाम ही मिलता है। इससे अग्निशमन विभाग के पास आग बुझाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जलसंस्थान के जेई प्रदीप चौहान ने बताया कि 30 हाइड्रेंट लगाए गए थे। खराब हाइड्रेंट को सही कराया जा रहा है। आग की घटनाएं रोकने के लिए दो बड़े वाहन और दो छोटे वाहन हैं। 42 कर्मी तैनात हैं।



खराब पड़ा हाइड्रेंट।

#### ये होता है फायर हाइड्रेंट का काम

**काशीपुर :** अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, आग की बड़ी घटना होने के दौरान अग्निशमन के वाहनों को कई बार रिफिल किया जाता है। इसके लिए कर्मी पास मौजूद फायर हाइड्रेंट से पानी लेकर वाहनों को रिफिल करते हैं। इसके इस्तेमाल से आग की घटना को कम समय में काबू किया जाता है।

#### 15 नए फायर हाइड्रेंट लगाने का भेजा प्रस्ताव

**काशीपुर :** अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग ने जल संस्थान को 15 नए फायर हाइड्रेंट लगाने का प्रस्ताव भेजा है। इसके लिए फायर हाइड्रेंट लगाने के लिए आग की घटनाओं के संभावित क्षेत्रों का चयन किया गया है। इसमें बाजपुर रोड, चैती मैदान, आवास विकास, जसपुर खुर्द जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

#### पिछले महीने आग की 45 घटनाएं हुईं

**काशीपुर :** काशीपुर क्षेत्र में पिछले महीने आग की 45 घटनाएं हुई, इनमें 20 घटनांए बड़ी हुई हैं। जिसमें 30 एकड़ तक गेहूं की फसल जलकर खाक हुई। वहीं इस महीने अब तक आग की सात घटनाएं हुई। इनमें तीन घटनाएं बड़ी, जबकि चार घटनाएं छोटी हुई है।



गर्मी बढ़ने के साथ ही आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। आठ हाइड्रेंट खराब हैं। नए हाइड्रेंट लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। आग की घटनाओं की सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा रहा है। इससे आग की घटनाओं पर जल्द काबू पाया जाता है।
–**गोविंद राम**, प्रभारी अग्निशमन

## आग से झोपड़ी जली, सामान राख

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से लगी आग में झोपड़ी जलकर राख हो गई और उसमें रखा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह अंदर बंधे दो मवेशियों को सकुशल बाहर निकाल लिया।

विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी में मोहल्ला टांडा बंजारा निवासी सोमपाल पुत्र सुकून लाल की झोपड़ी में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। पुलिस चौकी प्रभारी सुल्तानपुर पट्टी अर्जुन गिरि गोस्वामी ने बताया कि जिस समय यह घटना हुई वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए गश्त पर थे। आग लगती दिखाई दी तो तत्काल मौके पर पहुंच गए, जहां देखा तो झोपड़ी के अंदर 2 भैंस बंधी हुई थीं जिन्हें तुरंत खूंटों से खोलकर बाहर निकाला गया तथा झोपड़ी के बगल में सो रहे लोगों को भी जगाकर वहां से हटाया गया। लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका और जन व पशु हानि को बचाया गया। हालांकि अग्निकांड में घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया है जिससे सोमपाल को आर्थिक नुकसान हुआ है।



नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी में मोहल्ला टांडा बंजारा में लगी आग। ● अमृत विचार

#### विद्युत स्टेशन परिसर में लगी आग

**जसपुर :** विद्युत स्टेशन परिसर में लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने बामुश्किल काबू पाया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे जसपुर भगवंतपुर रोड स्थित विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय परिसर में खड़ी झाड़ियों में आग लग गई, जिससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में तत्काल दो फायर यूनिट घटना स्थल पर पहुंचीं। आग विद्युत कार्यालय परिसर में उगी झाड़ियों में लगी थी, जो ट्रांसफार्मर व कंट्रोल यार्ड तक पहुंच चुकी थी। आग से 11000 केवी ट्रांसफार्मर का केबल बॉक्स जल रहा था और आग तेजी से कंट्रोल यार्ड व ट्रांसफार्मर की तरफ बढ़ रही थी। फायर यूनिट ने लगातार पंपिंग कर आग को फैलने से रोका।

#### तहसील में दो अधिवक्ताओं के चैंबर में लगी आग

**काशीपुर :** काशीपुर तहसील परिसर में स्थित दो अधिवक्ताओं के चैंबर में भीषण आग लग गयी। आग लगने से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के काशीपुर प्रभारी गोविन्द राम ने बताया कि सुबह सूचना मिली की तहसील परिसर में स्थित अधिवक्ता सुरेश कुमार व उस्मान मलिक के चैम्बर में आग लग गई है। बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टिया में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। पीड़ित अधिवक्ता उस्मान ने कहा कि आग लगने से लेपटाप, दो प्रिंटर, कुर्सी समेत कई दस्तावेज जल गए।

# मामूली विवाद में नाबालिगों ने मारा था चाकू, पांच गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

खुलासा

▶▶ दो मई की रात को गुब्बारा विक्रेता पर हुआ था चाकू से जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** दो मई की रात को गुब्बारे विक्रेता पर चाकू कांड को अंजाम देने वाले पांच नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। खुलासे में बताया कि मामूली विवाद के बाद पांच हमलावरों ने युवक को मारने की योजना बना ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

शनिवार को चाकू कांड का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ पंतनगर ओमप्रकाश शर्मा और थानाध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि दो अक्टूबर को अटरिया मेले में गुब्बारा बेचने वाले जगतपुरा ट्रांजिट कैंप निवासी नंदू कोली का विवाद रंपुरा बस्ती के रहने वाले पांच नाबालिग युवकों से हुआ था। उस वक्त काशीपुर हाईवे पर विवाद निपट गया। बावजूद नाबालिग हमलावरों ने नंदू को मारने की योजना बना ली और जब नंदू गुब्बारे बेचकर दो मई की रात साढ़े 10 बजे घर जा रहा था।

उस वक्त पांचों आरोपियों ने घेर लिया और चाकू से हमला शुरू कर दिया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। बताया कि घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चौबीस घंटे के अंदर पांच नाबालिग हमलावरों को गिरफ्तार कर धारदार चाकू भी बरामद कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वहीं घायल युवक अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। एसपी सिटी ने बताया कि डॉक्टरों ने युवक का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दिया है। इसके बाद घायल की हालात स्थिर बनी हुई है।

## कार्यक्रम में पहुंचे पंत विवि के पूर्व छात्र रहे 15 उद्यमी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के डॉ. रतन सिंह सभागार में शनिवार को दो दिनी कार्यक्रम फुटप्रिंटस-2024 का आयोजन किया गया। जिसमें विवि के पूर्व छात्र रहे 15 उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।

सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के तहत ई-सेल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कर कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चैहान ने नवाचार विचारों की सराहना और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने स्टार्टअप स्थापित करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजनों से अधिक से अधिक लाभ लेने को प्रेरित किया। इससे पूर्व निदेशक सेवायोजन डॉ. एमएस नेगी ने ई-सेल व फुटप्रिंट के उद्देश्य और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।



विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

### तैयारी
### 13 जिलों में महाविद्यालयों के एनएसएस के 50–50 छात्रों को दी जाएगी पुलिस के कार्यों व ड्यूटी की जानकारी

# पुलिस के कार्यों को जान सकेंगे महाविद्यालयों के छात्र

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के महाविद्यालयों के एनएसएस के छात्र पुलिस के कार्यों के बारे में जान सकेंगे। इसके लिए राज्य एनएसएस के अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रत्येक जिले के जिला समन्वयक को निर्देश जारी किए हैं। पुलिस विभाग ने भी छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

प्रदेश में करीब 119 राजकीय महाविद्यालय बनाए गए हैं। महाविद्यालय में एनएसएस के छात्रों को समाज के साथ ही लोगों को जागरूक करने का जिम्मा दिया जाता है। पुलिस महानिदेशक के पत्र के आधार पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ निदेशालय युवा कल्याण व प्रारद विभाग महाविद्यालय के एनएसएस के बच्चों को पुलिस के कार्यों जैसे ड्यूटी, अपराध संबंधित कार्य आदि से रूबरू करने की तैयारी कर रहा है। ऊधमसिंह नगर एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि प्रत्येक महाविद्यालय के 50-50 बच्चों को चिन्हित किया जाएगा। छात्र कॉलेज के आस-पास की थानों में जाकर पुलिस के कार्यों व अनुभव की जानकारी ले सकेंगे। इसके लिए पुलिस के नोडल अधिकारी छात्रों की पूरी मदद करेंगे। प्रदेश में पहली बार इस तरह की योजना बनाई गई है।

#### पुलिस के नोडल अधिकारियों के साथ होगी बैठक

**काशीपुर :** जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि आदेश मिलने के बाद नोडल अधिकारी से भी संपर्क कर लिया गया है। ऊधमसिंह नगर के पुलिस अधिकारी चंद्रशेखर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बताया कि जल्द बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी।

#### पुलिस के अधिकारी पुलिसिंग से रूबरू कराएंगे

**काशीपुर :** महाविद्यालय के एनएसएस के छात्रों के चयन के बाद नोडल अधिकारी किस थाने में छात्रों को जाना है, इसकी जानकारी देंगे। थाने में जाकर छात्र पुलिस के कार्यों की बारीकियों से जानकारी लेंगे। बताया कि कार्यक्रम 30 दिनों तक चलेगा। प्रत्येक दिन चार घंटे तक छात्रों को पुलिस के अधिकारी पुलिसिंग से रूबरू कराएंगे। इसके बाद संबंधित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र पुलिस के अधिकारी देंगे। नया शिक्षा नीति के तहत बच्चों को नंबर भी दिए जाएंगे।

#### स्वयंसेवक 30 दिन तक पुलिस थानों की कार्यशैली समझेंगे



एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत स्नातक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष में अध्यनरत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक 30 दिनों तक प्रतिदिन 4 घंटे कुल 120 घंटे पुलिस थानों की कार्यशैली एवं पद्धति को समझने हेतु स्थानीय पुलिस थानों में जाएंगे, जिससे वे पब्लिक डीलिंग और पुलिसिंग को नजदीक से समझ पाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्तराखंड के प्रत्येक जिलों में एक–एक पुलिस नोडल अधिकारीयों को दायित्व दिया गया है। जल्द ही उधमसिंहनगर नोडल अधिकारी के साथ बैठक कर जिले में छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## एक नजर

### 527 अभ्यर्थी बैठेंगे नीट में

**पंतनगर :** रविवार को देश भर में दो हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर 24 लाख से अधिक अभ्यर्थी मेडिकल की पढ़ाई के लिए आवश्यक नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (नीट) देंगे। इसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पंतनगर सिटी के तहत कैंपस स्कूल और किच्छा के हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया है। कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य और नीट परीक्षा के लिए पंतनगर सिटी के समन्वयक डॉ. बीसी पाठक ने बताया कि नीट की परीक्षा अपरान्ह दो से 5.20 बजे तक है, लेकिन अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगी, जिसमें अंतिम एंट्री डेढ़ बजे होगी। बताया कि कैंपस स्कूल में 527 और किच्छा के हिमालयन प्रोग्रेसिव में 504 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

### कानूनगो नहीं होने से संबंधित कार्य प्रभावित



**जसपुर :** उत्तरी देव धाम जन कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता महाराज सिंह चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रदेश महामंत्री चौधरी खिलेंद्र सिंह व क्षेत्र के तीनों भाजपा मंडल अध्यक्षों को अवगत कराया कि जसपुर तहसील में लंबे समय से कानूनगो नहीं होने के कारण संबंधित कार्यालय प्रभावित हो रहे हैं, जिससे जनता अत्यधिक परेशान है। उन्होंने मांग की है कि जसपुर तहसील में स्थाई कानूनगो की नियुक्ति की जाए, ताकि जनता की परेशानी हल हो सके।

### नगर निगम ने चलाया सफाई अभियान

**काशीपुर :** आगामी मानसून सीजन को लेकर नगर निगम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम ने अभी से निगम क्षेत्र में नालों की सफाई का कार्य वृहद स्तर पर शुरू कर दिया है। इस दौरान निगम कर्मी नालों पर से अतिक्रमण हटाते हुए सफाई करने में जुटे हुए है। शनिवार को उप नगर आयुक्त रोहिताश शर्मा ने लक्ष्मीपुर माईनर का निरीक्षण किया और वहां नाले से अतिक्रमण को हटाते हुए जेसीबी की मदद से नाले की सफाई कराई।

### उर्स में चौथे दिन चादरपोशी की रस्म अदा की

**बाजपुर :** मुड़िया पिस्तौर स्थित हजरत दादा मियां व सूखा शाह मियां के दरगाह पर पांच दिवसीय 73वां उर्स मुबारक पूरी शानौशोकत के साथ मनाया जा रहा है जिसमें चौथे दिन शनिवार को चादरपोशी की रस्म अदा की गई। बड़ी संख्या में अकीदतमंद अपने-अपने घरों से दरगाह तक जुलूस की शक्ल में चादर लेकर पहुंचे। दरगाह के सेवादार मुजफ्फर अली ने बताया कि उर्स मुबारक का कुल शरीफ आज सुबह 10 बजे होगा व कुल शरीफ के बाद उर्स का समापन होगा।

# नए व छूटे वोटरों के नाम जोड़ने का काम शुरू

## रुद्रपुर नगर निगम के सभी 40 वार्डों में लगाए गये हैं शिविर, 10 मई तक सूची में नाम जुड़वा सकते हैं मतदाता

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पिछले निकाय चुनाव में वार्डों में कई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में छूट गये थे। उनके नामों को जोड़ने के लिए प्रत्येक वार्ड के मतदान केंद्रों में शिविर लगाकर नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के प्रक्रिया 10 मई तक चलेगी।

यहां बता दें कि रुद्रपुर नगर निगम में 40 वार्ड शामिल हैं। परिसीमन से पूर्व नगर निगम में 20 वार्ड शामिल थे। परिसीमन के दौरान कई वार्डों में लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छूट गये थे। इसको लेकर विगत दिवस कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर भाजपा पर घटिया राजनीति करने और वार्डों से वोटरों के नामों को गायब करने का आरोप लगाया था।

वहीं अब एक फिर से सभी वार्डों में पिछले निकाय चुनाव में मतदाता सूची में छूटे मतदाताओं का नाम शामिल करने के लिए सभी वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि छूटे लोगों के नाम जोड़े जा सकें। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने बताया कि मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए सभी वार्डों में मतदान केंद्रों पर शिविर लगाये गये हैं। इसमें शिक्षकों और बीएलओ की ड्यूटी लगायी गयी है। सुबह 10 बजे से पांच बजे तक छूटे मतदाता आवेदन कर अपना नाम सूची में दर्ज करा सकते हैं।



शिविर में मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज कराते बीएलओ और शिक्षक। ● अमृत विचार

### सभी पोलिंग बूथों पर बीएलओ तैनात किए गए

**काशीपुर :** निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन नामावलियां दुरुस्त करने के लिए सभी पोलिंग बूथों पर बीएलओ तैनात किए गए हैं। इस पूरे सप्ताह बूथों पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, संशोधित करने और मृतकों का नाम सूची से पृथक करने का अभियान चलेगा। नगर निगम में निर्वाचन का कार्य देख रहे एसएनए विनोद लाल शाह ने बताया कि काशीपुर नगर निगम के सभी 40 वार्डों में पोलिंग बूथों पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। जहां बीएलओ रविवार से कैंप लगाकर शिकायतों का निराकरण करेगी। सभी बीएलओ को मतदान केंद्रों पर सात दिनों तक उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं। कैंप में बीएलओ मतदाता सूची में छूटे हुए नाम शामिल करने के लिए प्रपत्र भरवाने, सुधार और नाम पृथक्करण के लिए आवेदन भरवाने का कार्य करेगी। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम में इस समय मतदाताओं की संख्या 1,51,516 है। नए आवेदन पत्रों की जांच होने के बाद संशोधित सूची आयोग को भेजी जाएगी।



खटीमा में भाजपा झनकट मंडल की बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### वंचित मतदाताओं के नाम चढ़वाने का दायित्व सौंपा

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी की झनकट मंडल की बैठक में बूथ अध्यक्षों को आगामी सात दिनों में मतदाता सूची में नाम चढ़ाने से वंचित मतदाताओं के नाम चढ़वाने का दायित्व सौंपा गया है। यह भी कहा गया है कि यदि किसी का गलत नाम चढ़ा है तो उसे भी हटवाया जाय। झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी तय किया गया कि पार्टी द्वारा जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेगी सभी कार्यकर्ता जाति बंधन, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर कमल के फूल को घर-घर तक ले जाकर प्रचार प्रसार करेंगे। जिला मंत्री भुवन जोशी ने कहा कि पार्टी द्वारा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी शक्ति केंद्रों में एक बैठक अथवा चौपाल आदि के माध्यम से लोगों को सरकार को लाभकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। संचालन महामंत्री महेश राणा ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र बिष्ट, ललित बिष्ट, मोहित जोशी, विमला धामी, प्रकाश शर्मा, बृज किशोर श्रीवास्तव, हरीश शर्मा, जानकी पांडे, चंद्र प्रकाश, पूरन ठकुराठी, दीपक भट्ट, अनीता ज्याला, फकीर सिंह, अरविंद आदि बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।



एडीएम वित्त से मुलाकात करते भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

### निकाय चुनाव पर मंथन कर मतदाता सूची बनाने की मांग

**रुद्रपुर :** निकाय चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने एडीएम वित्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद निकाय चुनाव होने की संभावना है। ऐसे में मतदाताओं की सूची का कार्य भी प्रारंभहोना चाहिए। शनिवार को मुलाकात के दौरान शर्मा ने एडीएम वित्त अशोक जोशी ने निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर भी मंथन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वार्डों के तमाम लोगों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया है, जिस कारण मतदाता सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने को विवश हैं। बावजूद वोटर लिस्ट में नाम शामिल नहीं हुआ। इस दौरान एडीएम वित्त ने बताया कि सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं। बताया कि छह माह पुराना कोई भी कागज होने पर मतदाता सूची में नाम शामिल कर लिया जाएगा। इस अवसर पर सचिन छाबड़ा, गिरीश पाल, महेंद्र आर्या, कमल राणा, विजय तोमर, भीम सेन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### साइंस क्विज में अशोक हाउस रहा विजेता

**खटीमाः** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस साइंस क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें छठवीं से आठवीं कक्षा के प्रत्येक सदन से पांच पांच विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विद्यालय परिसर में तीन राउंड में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रश्न उत्तर, द्वितीय चरण में ऑडियो विजुअल तथा तीसरे चरण में व्यक्ति विशेष और उनके आविष्कारों के संबंध में प्रश्न पूछे गए। जिसमें अशोका हाउस ने 115 अंक के साथ प्रथम, टैगोर हाउस ने 110 अंक के साथ द्वितीय तथा शिवाजी हाउस ने 100 अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में कांग्रेस को जिताने का संकल्प

संवाददाता, काशीपुर

**आह्वान**

**सभी वार्डों में बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही**

**अमृत विचार :** निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। निगम के सभी 40 वार्डों में बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को कार्यकर्ताओं ने मजबूत बनाने का संकल्प लिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश अनुसार महानगर अध्यक्ष काशीपुर मुशर्रफ हुसैन ने आने वाले निकाय चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी नगर निकाय चुनाव में संगठन की मजबूती और मतदाताओं से बेहतर संवाद कर सभी 40 वार्डों में वार्ड अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग सामंजस्य स्थापित कर कांग्रेस के पार्षदों व मेयर के अघोषित उम्मीदवारों को जनता के भारी समर्थन मतों से जिताने की अपील की है। महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची आकलन किया जा रहा। जिन मतदाताओं के नाम निर्वाचन नामावली में दर्ज नहीं हैं या संशोधन होना है। वह आगामी एक सप्ताह तक प्रशासन द्वारा प्रत्येक पोलिंग बूथ लगाए जा रहे कैंप में अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। इसके लिए वहां संबंधित बीएलओ से संपर्क स्थापित करें।

## सार-संक्षेप

### बेटी के जन्म पर अस्पताल से घर तक बजवाए नगाड़े



अस्पताल में नवजात बच्ची के साथ मां।

**जसपुर :** बेटी का जन्म होने पर पिता कार को दुल्हन की तरह सजाकर और ढोल-नगाड़े बजवाकर नवजात बेटी और मां को अस्पताल से घर लेकर आए। इस दौरान उनके गांव में आतिशबाजी हुई और दोनों का घर में जोरदार स्वागत हुआ। मनिंदर सिंह निवासी ग्राम अहमदनगर का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व जसपुर के सीपका गांव निवासी जसप्रीत कौर से हुआ था। शुक्रवार को जसप्रीत कौर ने डॉ. एमपी सिंह नर्सिंग होम में पहली बेटी को जन्म दिया। इस पर मनिंदर ने बेटी का स्वागत जोरदार तरीके से करने की प्लानिंग बनाई। उसने पत्नी के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद जिस कार से वह घर जाने वाली थी उसे दुल्हन की तरह फूल मालाओं से सजवाया। ढोल-नगाड़ों के साथ मां और नवजात बच्ची को घर लेकर आए। गांव पहुंचने पर आतिशबाजी की गई और मिठाई बांटी। दादा-दादी, नाना-नानी एवं परदादा ने परिजनों के साथ मिलकर बेटी का स्वागत किया।



आंगनबाड़ी केंद्र पर अभिलेखों की जांच करते नायब तहसीलदार भुवन चंद।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर छापेमारी में मिलीं कई खामियां

**जसपुर :** तहसील प्रशासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र पर छापेमारी की गई, जहां कई खामियां मिलीं। शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार भुवन चंद टीम के साथ वार्ड नंबर 16 में आंगनबाड़ी केंद्र नंबर 7 पर पहुंचे। फैजाम रोड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में दस्तावेज देखे गए। केंद्र को आंगनबाड़ी कार्यकत्री सवाना आजमी सहायिका परवीन जहां चलती हैं। टीम को वितरण पंजिका में खामियां मिलीं। बच्चों की संख्या वाली पंजिका में भी हस्ताक्षर पूरे नहीं थे। अभिलेखों का रखरखाव भी ठीक नहीं था। छापेमारी के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका केंद्र पर मौजूद नहीं मिले। जिन्हें फोन कर बुलाया गया। उक्त संबंध में सीडीपीओ इंदिरा बरगली ने बताया कि राशन सीडीपीओ कार्यालय से नहीं मिलता।

### शराब की दुकान खोलने पर भड़के लोग

**खटीमा :** बिगराबाग गांव में शराब की दुकान खोलने पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर दुकान को तत्काल बंद कराने की मांग की। शराब की दुकान खुलने की भनक लगते ही ग्रामीणों ने दुकान के सामने विरोध किया। उनका कहना था कि नई बस्ती में शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र में नशेड़ियों का आतंक बढ़ जायेगा और लोगों का रहना दुभर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान जिस स्थान पर खोली जा रही है उसके बगल में स्कूल हैं। इससे बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पहले शराब की दुकानें शहर में खुलती थी। अब गावों में भी खोली जा रही हैं। उन्होंने एसडीएम रवींद्र बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर शराब की दुकान को बंद कराने की मांग की। इस दौरान दीपा धामी, डुंगर सिंह ज्याला, चंद्रा देवी, कलावती देवी, मनोज बिष्ट, सुरेंद्र अधिकारी, मंजू पांडेय, शमशेर खोलिया, कमला देवी, ज्योति चंद आदि थे।



नैनीताल की एरीज वेधशाला में जानकारी लेते डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी के बच्चे।

### डायनेस्टी के छात्रों ने एरीज वेधशाला का भ्रमण किया

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म खटीमा के छात्रों को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज नैनीताल में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को खगोल भौतिकी और वायुमंडलीय भौतिकी के आकर्षक क्षेत्रों से परिचित कराना था, जिससे उन्हें आकाशीय दुनिया के चमत्कारों का पता लगाने और खोजने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने विभिन्न तारा समूहों का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, अशोक जोशी, मानवेंद्र सिंह, उमेश सिंह, अजय कुमार अरुण कुमार, तिलक मिश्रा, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली उपस्थित रहे।

### दमकल की टीम ने खेत में लगी आग को बुझाया

**किच्छा :** गेहूं कटे खेत में लगी आग आबादी की तरफ बढ़ने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पा लिया। कोतवाली अंतर्गत पिपलिया चौराहा के निकट ग्रामीण आजम अहमद के खेत में गेहूं की नाड़ में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग लगातार नजदीक स्थित फार्म हाउस तथा झोपड़ियों की तरफ बढ़ने लगी। सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायर कर्मी संजय सिंह एवं दीपक बसेड़ा की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गौतम का हाल जाना

**किच्छा :** सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम का भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री नितिन चरण ने दिल्ली स्थित आवास पर हाल-चाल जाना और ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सड़क दुर्घटना में वरिष्ठ भाजपा नेता दुष्यंत गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री नितिन चरण अपनी पत्नी भाजपा महिला मोर्चा की मंडल महामंत्री प्रियंका वाल्मीकि के साथ दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंचे।

# समाज को जागरूक करते हैं कवि

संवाददाता, गदरपुर




गदरपुर में भारतीय कवि संगठन के द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन में कविता सुनाते कवि।

**अमृत विचारः** अनिरुद्ध काव्यधारा के तत्वावधान में दो दिवसीय भारतीय कवि संगठन के द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। दो दिवसीय अधिवेशन में पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे।

शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में भारतीय कवि संगठन के द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस एवं सुबोध कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि गुंजन सुखीजा ने देश भर से पहुंचे कवियों का स्वागत किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम घुस ने कहा कवि अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को जागरुक करते हैं। अधिवेशन को झांसी से पहुंचे अर्जुन सिंह चांद, विनोद राजयोगी, काशीपुर से प्रदोष मिश्रा, शिकोहाबाद से प्रशांत उपाध्याय सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम आयोजक सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी ने आमंत्रित कवियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान अधिवेशन में नवीन कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। अधिवेशन का संचालन फिरोजाबाद के मुकेश मणिकांत ने किया। इस मौके पर सुबोध कुमार शर्मा शेर कोठी, डॉ संजीव तपन, प्रत्यूष मिश्रा, डॉ उमाशंकर साहिल, सुभाष चंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# पूर्व सैनिकों ने पेश की दावेदारी

संवाददाता, गूलरभोज



गूलरभोज में विधायक अरविंद पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात करते पूर्व सैनिक।

**अमृत विचार :** निकाय चुनाव के मद्देनजर पूर्व सैनिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पूर्व सैनिक को प्रत्याशी बनाने की विधायक अरविंद पांडे से मांग की। पूर्व सैनिकों की एक जुटता को देखकर भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

शनिवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष नंदन सिंह कोश्यारी के नेतृत्व में पूर्व सैनिक विधायक अरविंद पांडेय के कैम्प कार्यालय पहुंचे। भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने विधायक अरविंद पांडेय को पूर्व सैनिकों की ओर से मांग पत्र सौंपा। पूर्व सैनिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर पूर्व सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी को भाजपा से प्रत्याशी बनाने की मांग की। विधायक अरविंद पांडेय ने आश्वासन दिया कि वह पूर्व सैनिकों द्वारा दिया गया मांग पत्र संगठन के माध्यम से पार्टी हाई कमान को भेज देंगे। इस मौके पर गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर ब्लॉक अध्यक्ष कै धन सिंह कोरंगा, सूबेदार मेजर रामकमलेश यादव, सूबेदार महिपाल सिंह कोश्यारी, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, सेना मेडल गोविंद चौहान, कैलाश पाठक, गोपाल सिंह ठठोला, रमेश कन्याल, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार इंदर सिंह राठौर, विनोद भट्ट, भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला आदि पूर्व सैनिक मौजूद थे।

**सूरत-ए-हाल**

**ग्रामीण पीने के पानी के लिए सुदूर खेतों में सिंचाई नलकूपों का सहारा लेने के लिए मजबूर**

# पेयजल लाइनों में लीकेज से पानी की किल्लत बढ़ी

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** पेयजल लाइनों की लीकेज लगातार पेयजल उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी समस्या बनते जा रही है। आलम ये है कि गांवों में पेयजल व स्वजल का घर-घर डबल कनेक्शन होने के बावजूद उन्हें बगैर पानी के भारी भरकम बिल ही चुकाने पड़ रहे हैं।

जवाहरनगर शांतिपुरी में करीब 50 साल पुरानी पेयजल की लाइन जगह-जगह से लीकेज होने की शिकायतें पहले से आ रही थीं। इस बीच क्षेत्र के प्रत्येक गांव में भारत सरकार की हर घर नल हर घर जल योजना के तहत करोड़ों की लागत से अलग-अलग पानी की टंकियां बनवाई गईं और प्रत्येक गांव में पृथक लाइनें भी बिछाई गईं, जिससे ग्रामीणों को लगने लगा कि अब उनकी पेयजल की समस्या का वर्षों के लिए परमानेंट निदान हो जाएगा, लेकिन जैसे ही घर-घर पानी के कनेक्शन दिए गए तो परिणाम उम्मीद के एकदम विपरीत आए।

पेयजल की पुरानी लाइनों में जहां जगह-जगह लीकेज होने से उपभोक्ताओं को बगैर पानी की सप्लाई के उन्हें मासिक बिल चुकाने पड़ रहे हैं तो वहीं स्वजल की नई लाइनों में संयोजन होने के बावजूद पानी की सप्लाई पूरी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी गर्मी में पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अपने पीने के पानी के लिए सुदूर खेतों में सिंचाई नलकूपों का सहारा लेने के लिए मजबूर हैं।



पेयजल लाइनों से लीकेज होता पानी।



"जवाहरनगर व शांतिपुरी नंबर दो में पेयजल की कोई शिकायत हमारे पास नहीं है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो उसका प्राथमिकता से निवारण होगा। **-मोहम्मद आशिम**, जेई, जल संस्थान



"गांव में तेजल की नई पुरानी सभी लाइन पूरी तरह से फ्लॉप है जहां एक ओर पेयजल लाइनों के जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से पानी की आपूर्ति ठप होने के साथ-साथ सड़कों को नुकसान हो रहा है वहीं सजल की लाइनों में पानी की आपूर्ति संतोषजनक नहीं होने से पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **-बिशन सिंह मेहरा**, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित, जवाहरनगर

"घर में पानी के दो दो कनेक्शन होने के बावजूद मुझे पीने के पानी के लिए सिंचाई नलकूप का सहारा लेना पड़ रहा है। घर में अकेली महिला हूं बावजूद इसके रोज तीन से चार टाइम पानी लेने के लिए दूर खेतों में सिंचाई ऑटिज्म पर जाना पड़ रहा है। **-राधा देवी**, शांतिपुरी नंबर दो



"पानी की टंकी से महज 300 मीटर पर मेरा घर है। कभी सप्लाई बंद तो कभी गंदा पानी आ रहा है। शिकायत पर पेयजल व स्वजल कर्मी एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हैं। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद भी हल नहीं हो पा रहा। **-दीपा ललित काण्डपाल**, प्रधान संघ अध्यक्ष एवं प्रधान, जवाहरनगर



"हमारी पेयजल लाइनों में पिछले कई महीनों से पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। जिसके कारण बिल चुकाने के बावजूद पीने के पानी के लिए हैंडपम्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। **-जगत सिंह कोरंगा**, शांतिपुरी नंबर चार

### किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाने पर व्यक्त की चिंता



**जसपुर :** भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने बैंकों की ओर से की जाने वाली बकाया ऋण वसूली के दौरान किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाने व उत्पीड़न किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसान कई वर्षों से दैवीय आपदाओं से जूझ रहा है। बार-बार अतिवृष्टि से किसानों की फसलें चौपट हो रही हैं। इस बार गन्ने की फसल भी बीमारी की चपेट में जाकर चौपट हो गई, जिससे संबंधित किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में किसान परिवारों का ठीक से भरण पोषण नहीं कर पा रहे हैं। इसके बावजूद बैंकों की ओर से ऋण वसूली के दौरान किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा ऋण वसूली के दौरान किसानों पर किसी तरह का अनावश्यक दबाव न बनाया जाए और उन्हें प्रताड़ित न किया जाए।



गदरपुर में छात्रों को सम्मानित करते प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

### बोर्ड के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**गदरपुर :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हाई स्कूल में प्रथम आने वाले बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज डाबर, महामंत्री अजय फौगाट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र शर्मा ने इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल में विद्यालय में प्रथम रही शालिनी, द्वितीय माहिर खान एवं तृतीय रहे जीशान अहमद के अलावा इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रथम रहे योगेश कुमर, अनमोल, हर्षिता बिष्ट, हरमन कंबोज ईशा शर्मा के अलावा विभिन्न परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रिंस, समर बहादुर, ध्रुव कुमार, शिवम जोशी, प्रयश, संजना, नीलिमा विश्वास, सुरभि वाल्मीकि, पूनम एवं गुलफिजा को कमला नेहरू पुरस्कार के रूप में एक एक हजार रुपए की धनराशि के चेक प्रदान किए गए।

### जीआईसी नौगांव में तैनात अतिथि प्रवक्ता ने अपने बेटे को दिलाया सरकारी स्कूल में प्रवेश

# सरकारी स्कूल में पढ़ेगा टीचर का बेटा

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले में तैनात एक शिक्षिका ने अपने बेटे का एडमिशन सरकारी स्कूल में कराकर मिसाल पेश की है।

राजकीय इंटर कॉलेज नौगांव, ताडीखेत में तैनात अतिथि प्रवक्ता हेमलता बोरा ने अपने बेटे निर्भय सिंह का एडमिशन राजकीय इंटर कॉलेज नौगांव में कक्षा 6 में करवाया है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे निर्भय की प्राथमिक शिक्षा हल्द्वानी के एक पब्लिक स्कूल से हुई है। उनका पूरा परिवार हल्द्वानी में रहता है, उनके पति जीवन सिंह थल सेना में नायब सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि इस फैसले पर उनके परिवार ने उनका पूरा साथ दिया। शिक्षिका हेमलता बोरा ने कहा कि सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से कम नहीं है। यहां बेहतर पढ़ाई होती है। कहा कि कई लोग निजी में बच्चों को निजी स्कूलों पढ़ाने को प्रतिष्ठा से जोड़ रहे हैं।


शिक्षिका हेमलता बोरा को सम्मानित करते शिक्षक व अभिभावक। ● अमृत विचार

**अधिकारियों ने की सराहना :** मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबा दत्त बलोदी व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सीएस बिष्ट ने शिक्षिका हेमलता बोरा के इस फैसले को अनुकरणीय बताते हुए उनके निर्णय की प्रशंसा की है।

### शिक्षिका हेमलता बोरा को किया सम्मानित

स्कूल के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, स्कूल स्टाफ व अभिभावकों द्वारा प्रवेशोत्सव पर नव प्रवेशी बच्चों के साथ ही शिक्षिका हेमलता बोरा को भी सम्मानित कर उनके फैसले की प्रशंसा की। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष दीपा देवी, एसएमसी अध्यक्ष सुरेंद्र कनवाल, डॉ. ललित चंद पाठक, शिव दत्त पांडे, दीपचंद, प्रदीप वर्मा, शोभा आर्या, हेमलता बोरा, संजू कार्की, गीता आर्या, गीतांजलि तिवारी, कीर्ति किरण, ज्वाला सिंह, फ़ज़ल रहमान, विपिन चन्द्र व स्थानीय अभिभावक मौजूद रहे।

# अराजक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी कार फूंकी

▸▸ पच्चीस हजार की नगदी समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज भी राख

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लमगड़ा विकास खंड में अराजक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी कार को आग लगा दी। आग से कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। कार में रखे जरूरी दस्तावेज और पच्चीस हजार रुपये की नगदी भी नष्ट हो गई।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। विकास खंड के तडैनी जाख निवासी प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने शुक्रवार को रोजाना की तरह अपनी कार को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। देर रात अज्ञात लोगों ने कार को आग लगा दी। आग लगने की जानकारी जब तक उन्हें मिलती तब तक कार राख में तब्दील हो चुकी थी। कार के साथ साथ उसमें रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, एटीएम कार्ड, पहचान पत्र और पच्चीस हजार रुपये की नगदी भी जल गई। पीड़ित के अनुसार किसी ने रंजिशन इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई कर दोषी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। इधर लमगड़ा के थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### लेजर रन सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में ममता को रजत


ममता खाती।

**अल्मोड़ा :** लेजर रन सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में अल्मोड़ा पुलिस की महिला आरक्षी ममता खाती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बीते दिनों अमरावती, महाराष्ट्र में आयोजित ओपन स्पर्धा में महिला आरक्षी ममता ने रजत पदक अर्जित कर उत्तराखंड और जनपद पुलिस का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही उन्होंने सात मई से चीन में आयोजित होने वाली लेजर रन वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। ममता के रजत पदक जीतने पर एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### गायों को काटने वालों पर कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन


रानीखेत में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**रानीखेत :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर रीची के पास बीते दिवस चार गायों को काटने वाले दोषियों को पकड़ने की मांग की। कहां कि इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा कि इस घटना से भाजपा सरकार के गौर रक्षा के दावे खोखले साबित हुए हैं। जबकि पिछले 10 वर्षों से केन्द्र व पिछले 7 वर्षों से राज्य में भाजपा की सरकार गौ रक्षा व सनातन के नाम पर जनता को बरगला कर सत्ता पर काबिज़ है। कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने बीफ निर्यात कंपनी से करोड़ों रुपये के इलेक्ट्रोरल बांड के माध्यम से चंदा लिया है। यह भाजपा सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है। ज्ञापन में रानीखेत विधानसभा में गौ सदन बनाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन देने वालों में महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, भूपाल सिंह, अगस्त लाल साह, पंकज गुरुरानी, प्रजापति पांडेय, अंकित रावत, सुरेंद्र पावर आदि रहे।

### रिटर्न जमा न करने पर 145 व्यापारियों के पंजीकरण रद

**अल्मोड़ा :** राज्य कर विभाग ने अल्मोड़ा जिले में पिछले एक साल में आयकर रिटर्न दाखिल न करने वाले 145 व्यापारियों का पंजीकरण निरस्त करते हुए उन पर 14 लाख 73 हजार 500 रुपए से अधिक का जुर्माना भी लगाया है। कर विभाग की इस कार्रवाई से अब व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अल्मोड़ा जिले की बात करें तो राज्य कर विभाग में यहां के 2886 से अधिक कारोबारी पंजीकृत हैं। राज्य कर विभाग समय समय पर व्यापारियों को समय से रिटर्न दाखिल करने के लिए जागरूक करता रहा है। लेकिन इसके बाद भी कई व्यापारी ऐसे हैं। जिन्होंने समय से रिटर्न दाखिल नहीं किया। राज्य कर विभाग ने जिले के ऐसे 145 व्यापारियों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया है। जिन्होंने पिछने एक साल से रिटर्न दाखिल नहीं किया। इसके अलावा विभाग ने पिछले महीने 73 व्यापारियों को रिटर्न दाखिल न करने पर नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य कर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि व्यापारियों को समय समय पर अपना लॉन इन चेक करना चाहिए। अधिकारियों ने कहा है कि विभाग रिटर्न जमा न करने वाले व्यापारियों का चिन्हीकरण कर उन्हें नोटिस भेज रहा है और समय पर रिटर्न दाखिल न होने पर पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई कर रहा है।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं को बताया पुस्तकों का महत्व

**बनबसा :** केंद्रीय विद्यालय नंबर एक कैंट में पुस्तक उपहार मनाया गया। जिसमें सभी छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। शनिवार को केन्द्रीय विद्यालय नंबर एक कैंट के प्राचार्य सीएस पिलखवाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य ने पुस्तकों की उपयोगिता और उनकी महत्ता के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में पुस्तकों के योगदान के बारे में बताया। इस मौके पर यामिनी, रिदिमा, पलक, सोहेल आदि छात्र-छात्राओ ने लगभग चार सौ पुस्तकों का आदान-प्रदान किया। शिक्षक अजय यादव के संचालन में हुए कार्यक्रम में पुस्तकाल अध्यक्ष अजय आर्य सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### खोदे गए रास्ते की शीघ्र मरम्मत करने की मांग

**बनबसा :** ग्राम चूनाभट्ठा निवासी ग्रामीण ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर क्षतिग्रस्त रास्ते की मरम्मत की मांग की है। ग्राम चूना भट्ठा निवासी नीलांबर जोशी ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हर घर जल योजना के तहत जल संस्थान द्वारा कार्य करने के दौरान मार्ग में जेसीबी से खुदाई कर दी थी जिससे मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। कहा कि विभाग द्वारा मरम्मत नहीं करने से ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि जल संस्थान और पीडब्ल्यूडी को निर्देश देकर रास्ते की मरम्मत की मांग की है।

### पूर्व प्रधानाचार्य उपाध्याय के निधन पर जताया शोक

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** निकटवर्ती उलैनी निवासी बंगाल इंजीनियरिंग कोर से सेवानिवृत्त नायक एवं भोलानाथ शिशु व विद्या मंदिर ककनर के पूर्व प्रधानाचार्य गिरीश उपाध्याय पुत्र स्व. धर्मानंद उपाध्याय के निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। लंबी बीमारी के बाद बीते दिवस गिरीश उपाध्याय (76) ने अपने आवास उलैनी में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्र, वधुओं व नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। आज भोलानाथ शिशु व विद्या मंदिर ककनर में शोकसभा का आयोजन कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किये गए। विद्यालय में उनके लगभग पच्चीस साल के योगदान को भी याद किया गया। क्षेत्र के बैरती, गैराड़ चितैली ककनर उलैनी व सदीगांव आदि के लोगों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है।

# स्वावलंबन: चम्पावत में खुला जिले का पहला महिला प्रौद्योगिकी केंद्र

### गैनोडर्मा मशरूम का उत्पादन, जूट बैग के साथ ऐपण की कृतियों का होगा निर्माण

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् यूकास्ट द्वारा चम्पावत जिले में संचालित महिला प्रौद्योगिकी केंद्र का शुभारंभ कर दिया गया है। यूकास्ट के संयुक्त निदेशक डॉ. डीपी उनियाल, डीडीओ दिनेश सिंह दिगारी और सीमैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. मनोज सेमवाल ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

वर्तमान में इस केंद्र में रुरल एन्वायरमेंटल एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी, रीड्स और निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा प्रथम चरण में गैनोडर्मा मशरूम का उत्पादन और जूट बैग निर्माण के साथ साथ ऐपण की कृतियों का निर्माण किया जाएगा। डॉ. उनियाल ने बताया कि संस्थाओं द्वारा इसके विक्रय की भी योजना बनाई है। उत्पादन के बाद विक्रय की दिक्कत न हो, यूकास्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत के नेतृत्व में पूरी टीम इस दिशा में लगी है।


चम्पावत में उद्घाटन मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी और संस्था से जुड़े प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक नया कदम बताते हुए कहा कि यह केन्द्र अपने उद्देश्यों में सफल होगा। डॉ. सेमवाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी के साथ हम सगंध पौधों की बेहतर खेती कर सकते हैं। इसके लिए सीमैप के पास तकनीकी उपलब्ध है। रीड्स संस्था की भावना गहतोड़ी ने फलों के पल्प से बनाए जा रहे साबुन, लिप बाम, और बाडी वाश के बारे में जानकारी दी। निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसायटी के संजीव भटनागर ने जूट बैग और ऐपण के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर यूकास्ट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीयूष जोशी, देवेन्द्र सिंह, मनीष आर्य, मास्टर ट्रेनर मोनिका बोहरा, रीड्स की ललिता बोहरा, कुसुम थवाल,एनआरएलएम की आशा सामंत, पूजा पुजारी, प्रेरणा अधिकारी, किरण पांडे आदि मौजूद रहे।

### तामाढौन में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**अल्मोड़ा :** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चिन्हित स्याल्दे विकास खंड के तामाझौन गांव में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारियां विस्तार से दी गई। इस दौरान ग्राम सभा के आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वजन और ऊंचाई का मापन किया गया साथ ही माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, देखभाल व पोषण आहार के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। गर्भवती महिलाओं को आवश्यक जांचों के अलावा टी डी 1, टीडी 2 और आयरन, कैल्शियम के महत्व तथा संस्थागत प्रसव के फायदे, डोली योजना और ईजा ब्वारी योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### पिथौरागढ़ में क्षेपं की बैठकों का रोस्टर तय

**अल्मोड़ा:** जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने बताया है कि जिले में वर्ष 2024- 25 केलिए क्षेत्र पंचायतों की बैठकों का रोस्टर तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रोस्टर के अनुसार विण की क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक 26 जुलाई, 30 अक्टूबर व 31 जनवरी 2025, मूनाकोट की बैठक 20 जुलाई, 19 अक्टूबर व 25 जनवरी 2025, बेरीनाग की बैठक 12 जुलाई, 11 अक्टूबर व 16 जनवरी 2025, गंगोलीहाट की बैठक 6 जुलाई, 5 अक्टूबर व 4 जनवरी 2025, विकासखंड कनालीछीना की बैठक 26 जून, 27 सितंबर व 27 दिसंबर, विकासखंड डीडीहाट की बैठक 25 जून, 21 सितंबर व 21 दिसंबर, विकासखंड धारचूला की बैठक 15 जून, 13 सितंबर व 13 दिसंबर, विकासखंड मुनस्यारी की बैठक 7 जून, 06 सितंबर व 07 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी।

# सिख मार्शल आर्ट गतका के सतीश बने महासचिव

संवाददाता रानीखेत

**अमृत विचार :** मार्शल आर्ट खेलों की विभिन्न शैलियों में महारथ हासिल कर चुके एवं पिछले 29 वर्षों से इन खेलों से जुड़कर दर्जनों देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एशियन कोच एवं रैफरी सतीश जोशी अब उत्तराखण्ड राज्य में सिख धर्म की विख्यात परंपरागत मार्शल आर्ट गतका की कमान सम्भालेंगे।

गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव बलजिंदर सिंह तूर ने सतीश जोशी को गतका एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड का महासचिव नियुक्त किया है।

राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा भेजे पत्र में राष्ट्रीय महासचिव ने लंबे समय से विभिन्न मार्शल आर्ट खेलों से जुड़े रहने व विश्व स्तर कर भारत का कई बार मान बढ़ाने के कारण सतीश जोशी को यह महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, राष्ट्रीय अध्यक्ष हरचरण सिंह भुल्लर आईपीएस, उत्तराखण्ड सरकार के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव राजीव मेहता, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नारायण सिंह राणा, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेश पांडेय, जूजित्सु इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय जोशी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रज्ञा जोशी, नीलेश जोशी, आरती सैनी आदि ने बधाई दी है।


सतीश जोशी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को लेकर त्राहि- त्राहि

**अल्मोड़ा :** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति न होने से ग्रामीण खासे परेशान हैं। अधिकांश विकास खंडों में पेयजल को लेकर त्राहि त्राहि मची हुई है। विभाग जहां ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है। वहीं ग्रामीण अब स्थानीय नदी धारों से कई किलोमीटर पैदल चलकर पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। भैंसियाछाना विकास खंड के जमराड़ी बैंड, नौगांव के अलावा चंगेठी, शीतलाखेत, भनोली, लमगड़ा के हुना, मौनी, चामी, जैंती, सल्ट के मौलेखाल, जालीखान, शशीखाल, हिनौला, पैंसिया, झिमार व स्याल्दे, भिकियासैंण, रींची, चौखुटिया, सोमेश्वर आदिक क्षेत्र में पेयजल संकट दिन प्रतिदिन गहराता जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। जिस कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है।

## वर्ग पहेली-60

**बाएं से दाएं**

1.1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन

4.1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग

6.1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।

8.1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।

10.1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

**ऊपर से नीचे**

2.1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली


3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।

5.1. वाह, ख़ूब, अच्छा

7. नाश करना, नष्ट करना।

8.1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।

9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।



### वर्ग पहेली -59 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बं | | | | | 2 अँ | |
| द | | 3 मा | लि | य | त | |
| गी | | हो | | | ड़ी | |
| | 4 दि | ल | रु | बा | | 5 अं |
| | ठि | | | | | शु |
| | या | | | 6 धौं | क | ना |
| 7 शो | र | से | नी | | | भि |

## सुडोकू -139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू -138 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17 .42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .57 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष:** आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

**मिथुन:** आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

**कर्क:** आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

**सिंह:** आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

**कन्या:** आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**तुला:** आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक:** आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**मकर:** आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ:** आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

**मीन:** आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्रेम दीवाने — दोपहर : 12.00
परदेसी बाबू — रात : 08.55

**&pictures**
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 10.53
द कश्मीर फाइल्स — रात : 08.00

**Sony Pix**
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 10.48
द वॉटर हार्स — रात : 09.00

**Zee Cinema**
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 11.25
रेस — रात : 07.45

**Colors Cineplex**
हेलो ब्रदर — सुबह : 07.52
टाइगर नागेश्वर राव — शाम : 06.29

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

# विवाहः पवित्र सामाजिक संस्कार


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋ षि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है,लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है,लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुद्ग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत,शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

# गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं कूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है,क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है,वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है,लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है,लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए,क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है,लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी। देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं,वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं,क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं,लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके,लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

# वनाग्नि का हो स्थायी समाधान


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है,साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

## प्रथम कर्तव्य देशहित


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है,एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई,किसी का बेटा,किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है,संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था,लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता,तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता,परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

## पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे,लूट खत्म होगी,घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे,बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें,स्कॉलरशिप क्यों न दे दें,यतीमखाने में क्यों न दे दें,तालाब क्यों न खुदवा दें,इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है,लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक,सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है,वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे,अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए,जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।

# दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था,जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे,किंतु नहीं कर पा रहे थे,जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं,किंतु नहीं कर पा रही थीं,वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था,जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ,तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं,फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं,जिस धरती से मैंने प्यार किया है,एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा,हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो,किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य,वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य, किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना,मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही,बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

# जीएसटी की वसूली


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य,एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती,अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है,क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए,यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं,जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए,बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता,क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी,यह एक यक्ष प्रश्न है।

# चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

चुनावी मुद्दा

## राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत
## चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

### परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

**1.8** करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

**19.47** करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



**27%** लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

**30%** से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है।

### 62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35 .2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

### मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

### कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिंस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

# भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

**राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती:** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

**विदिशा में शिवराज का सिक्का:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

### हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

### भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।



**मारेंगे मैदान** पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।



**हक के लिए उठे हाथ** आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

## लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

**चुनाव डेस्क।** झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

# अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

खूंटी संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।



अर्जुन मुंडा।



कालीचरण मुंडा।

### दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

### आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस , झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

# बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

पुरी की चुनावी कथा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल बढ़ गई है। अब कांग्रेस को यहां नये चेहरे के साथ मैदान में उतरना होगा। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की । एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया है तो देखना यह है कि पार्टी किसे उम्मीदवार बनाती है।



अरूप पटनायक।



संबित पात्रा।

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार के टिकट वापस करने से कांग्रेस के लिए खड़ी हुई मुश्किल

### चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आईं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

### पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था।अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

**समझाया गणित**



नेशनल कांफ्रेस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 15 लोग घायल, सात गंभीर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से रायपुर के बीच रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हुए हादसे में तेज रफ्तार बस ने खड़ी हाईवा को मारी टक्कर जिससे 15 लोग घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रॉयल ट्रेवल्र्स की बस क्रमांक शुक्रवार की रात अंबिकापुर से निकली थी। बस में लभगभ 30 यात्री सवार थे। यहां रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ी थी। अचानक तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना शुक्रवार को देर रात दो बजे के करीब की है।

### कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया। जो आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के नेता शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे दुआ : मोदी

## झारखंड की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

**पलामू (झारखंड), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। मोदी ने झारखंड के पलामू और गुलमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है।



नरेंद्र मोदी झारखंड में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए। ●

उन्होंने कहा-मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश की स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है।

### मोदी ने विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने कहा-राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं।

### टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है। अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की। मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था।

## कोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की अपील

**इंदौर, एजेंसी**

● मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर लगा झटका

कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कांग्रेस के "डमी" (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की अपील खारिज कर दी है। अपील के जरिए सिंह ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के 30 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति की गुहार वाली उनकी याचिका नामंजूर कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया और कांग्रेस के "डमी" उम्मीदवार की दायर अपील को ''योग्यता और तथ्यों से रहित'' बताते हुए खारिज कर दिया। युगल



पीठ ने सिंह की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करके अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को जाहिर किया गया। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा आठ दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार की थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## केरल में पुलिस हिरासत में मौत मामले में चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**मलप्पुरम।** केरल के कोच्चि में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तनूर थाने में अगस्त 2023 में थमीर जिफ़री की कथित तौर पर हिरासत में हुयी मौत के मामले में शनिवार को चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जो जिला एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल एक्शन फोर्स के सदस्य हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में तनूर थाना के वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) जिनेश, परप्पनगाडी थाने के (सीपीओ) एल्बिन ऑगस्टीन, कल्पाकांचेरी थाने के (सीपीओ) अभिमन्यु और थिरुरंगडी थाने के (सीपीओ) विपिन शामिल हैं।

## पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

**अमित शाह फर्जी वीडियो मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है।

## मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कड़ी

**मंगलुरु।** मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवसथा कड़ी कर दी गई है। हवाई अड्डा प्रशासन को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरे हवाई अड्डे पर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बाजपे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में ईमेल भेजने वाले समूह की पहचान 'टेरेराइजर्स 111' के रुप में की गई है। प्राथमिकी में ईमेल का हवाला देकर लिखा गया है कि 'हवाई अड्डे पर कुल तीन जगहों पर बम रखे गये है और हमें आशा है कि बड़े स्तर पर रक्तपात होगा।

# रोहित वेमुला की मां ने मुख्यमंत्री से की न्याय की मांग

**हैदराबाद, एजेंसी**

रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा।

रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा। राजा वेमुला ने कहा-हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का



रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात। ● एजेंसी

● राधिका वेमुला ने तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात

विरोध किया है। हमने उन मुद्दों पर भी चिंता जताई है जिनका उन्होंने रिपोर्ट में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए पड़ोसी आंध्र प्रदेश में गुंटूर के जिलाधिकारी सक्षम प्राधिकारी हैं, न कि पुलिस। राजा वेमुला ने उन्होंने कुछ अन्य छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले रद करने की भी मांग की।

पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर की वजह से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी "वास्तविक जाति" के बारे में सबको पता न चल जाए। 'क्लोजर रिपोर्ट' पर रोहित वेमुला की मां और अन्य लोगों द्वारा व्यक्त किए गए संदेह को देखते हुए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशकरवि गुप्ता पहले ही मामले की विस्तृत जांच की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि संबंधित अदालत में एक याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से मामले की आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा। पुलिस ने मामले में सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य एन. रामचंदर राव समेत आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है।

### फगवाड़ा में हिंसक झड़प नोएडा निवासी छात्र गोली लगने से घायल

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में शनिवार तड़के लॉ गेट के पास छात्रों के दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान गोलीबारी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का एक छात्र गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य छात्रों को मामूली चोटें आईं और चारों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल नोएडा के सत्यम पंवार (21) को जालंधर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां तीन छात्रों यश राठी, आदर्श त्रिपाठी और परीक्षित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार पीजी लॉ गेट पर रहने वाला पंवार अपने आवास के पास अन्य लोगों के साथ टहल रहा था तभी दो समूह के छात्रों में झड़प हुई थी।

**पक्षियों को बचाने की जद्दोजहद...**



जम्मू में स्कूली छात्राओं ने पक्षियों को बचाने के अभियान में भाग लेते हुए पेड़ों पर पानी से भरे मिट्टी के बर्तन लटकाए। ● एजेंसी

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1750, फॉर्चुन ली0 1590, जय जवान 1390, सचिन 1525, सूरज 1415, अवसर 1620, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7275–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7550, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**– डालमियां 4200, पीलीभीत 4160, नवाबगंज (नई) 4150, बहेड़ी (नई) 4160 रुपये।

# निर्यात प्रतिबंध हटने के बाद प्याज के दाम बढ़े

## नासिक की लासलगांव मंडी में फैसले के बाद कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ीं

**नासिक, एजेंसी**

केंद्र सरकार के शनिवार को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव मंडी में इसकी कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गईं। लासलगांव में कृषि उत्पादन बाजार समिति (एपीएमसी) को भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार बताया जाता है। इससे पूर्व दिन में सरकार ने लोकसभा चुनावों के बीच प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। एपीएमसी के अध्यक्ष बालासाहेब



क्षीरसागर ने कहा-बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई है। औसत कीमतों में लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इस फैसले से किसानों को फायदा होगा, लेकिन वास्तविक प्रभाव सोमवार को पता चलेगा जब बाजार फिर से खुलेगा। सूत्रों ने बताया कि दिन के दौरान लगभग 200 क्विंटल प्याज एपीएमसी में पहुंचा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के आधार पर कीमतें 801 रुपये, 2,551 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं। बाजार में एक किसान ने एक समाचार चैनल को बताया कि निर्यात प्रतिबंध हटाना एक अच्छा निर्णय है, लेकिन इसे कम से कम एक साल तक लागू रहना चाहिए। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, निर्यात शुल्क से प्याज उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाएगा। एक किसान ने पूछा-प्रतिबंध के कारण हमें जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कागज उद्योग का सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए बंजर भूमि आवंटित करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है। उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550–54,750 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 70,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,600 |
| चांदी पक्की | 802 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 70,750 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## टाटा पावर रिन्यूएबल ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है।

### पेटीएम के सीईओ भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है।

## एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल

**कोलकाता, एजेंसी**

● आईबीबीआई ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित करते हुए दी जानकारी

कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे।

उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता' को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपये का समाधान हासिल किया गया और 10 लाख करोड़ रुपये के 27,000 आवेदन वापस ले लिए गए। इससे आईबीसी देश में ऋण समाधान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया।

## आरबीआई की कार्रवाई से वित्तीय प्रभाव सीमित, प्रतिष्ठा क्षति को लेकर चिंता ज्यादा

**मुंबई, एजेंसी**

● प्रतिबंध लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कही बात

कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों का वित्तीय प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हालांकि बैंक प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने संवाददाताओं से कहा कि इसका देनदारी वृद्धि पर



सीमित प्रभाव पड़ेगा।

बैंक ने संकेत दिए हैं कि प्रतिबंध कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा।

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपरजायंट्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

# एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

लखनऊ, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने



पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। इसके बाद गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते हुए मुंबई की टीम को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।

### सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर


**धर्मशाला।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

# हार्दिक का दवाब स्वाभाविक : फिंच

मुंबई, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और टीवी कमेंटेटर एरोन फिंच ने कहा कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में मुबंई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उसकी गरिमा के अनुरुप नहीं रहा है और ऐसे में कप्तान हार्दिक पांड्या के चेहरे पर दवाब परिलक्षित होना स्वाभाविक है।

स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से बातचीत में फिंच ने शुक्रवार को केकेआर के खिलाफ मुबंई की हार पर कहा वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर सकते हैं। यह आम तौर पर बल्लेबाजी के लिए एक खूबसूरत जगह है। हालांकि मुबंई का प्रदर्शन थोड़ा चौकाने वाला था। टीम के लगातार निराशाजनक प्रदर्शन से कप्तान हार्दिक का तनाव में आना स्वाभाविक है और वह भी तब,



जब कप्तान का खुद का प्रदर्शन भी अच्छा न हो। मैं खुद उस स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से जो कुछ भी करने की कोशिश कर रहे हैं मगर वह दिखता नहीं है और जब टीम उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, तो यह वास्तव में बहुत ही कठिन हो जाता है। टीम के प्रदर्शन के लिए कप्तान की भूमिका ऐसे समय में काफी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

### पीठ में जकड़न के कारण इम्पैक्ट सब के तौर पर खेले रोहित

**मुंबई।** लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण केकेआर के खिलाफ बतौर 'इम्पैक्ट सब' खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था।



इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही जोड़ सके। इस मैच में मुंबई इंडियंस को केकेआर से 24 रन की हार का सामना करना पड़ा। इससे पांच बार की चैंपियन टीम इस साल के आईपीएल से लगभग बाहर हो गयी है। चावला ने वानखेडे स्टेडियम में मैच के बाद कहा उन्हें पीठ में थोड़ी जकड़न थी इसलिए ऐहतियातन यह फैसला किया गया।

## खेल डायरी

### ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के शृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

### हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

**नई दिल्ली।** भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

## प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद लय में आई बेंगलुरु की टीम, सिराज, विशाक और दयाल ने लिए दो-दो विकेट

# आरसीबी ने गुजरात को 147 पर किया ढेर






विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम को 19.3 ओवर में 147 के स्कोर पर समेट दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर गुजरात टाइटंस को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। ऋद्धिमान साहा(1), शुभमन गिल (2) और साई सुदर्शन (6) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 61 रन जोड़े।

शाहरुख खान ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने 20 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुये। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। बेंगलुरु को जीत के लिए 148 रन बनाने होंगे। आरसीबी की ओर से मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजयकुमार वैशाख ने दो-दो विकेट लिये। कर्ण शर्मा और कमरून ग्रीन को एक-एक विकेट मिला।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |



गुजरात को सस्ते में समेटने के बाद अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते विराट। ● एजेंसी

## गुजरात 147/10

19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज | 1 | 7 | 0/0 |
| शुभमन गिल का विशाक बो सिराज | 2 | 7 | 0/0 |
| साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन | 6 | 14 | 0/0 |
| एम शाहरूख खान रन आउट | 37 | 24 | 5/1 |
| डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा | 30 | 20 | 3/2 |
| राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल | 35 | 21 | 5/1 |
| राशिद खान बो दयाल | 18 | 14 | 2/1 |
| विजय शंकर का सिराज बो विशाक | 10 | 7 | 2/0 |
| मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक | 1 | 2 | 0/0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| नूर अहमद रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

# इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज श्रृंखला जीतने में भी मदद की।



लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।

# एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

# आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी



● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

## एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी

# भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने



भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

# टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।



इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

## बॉलीवुड हलचल

# वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी


**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन



सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

# फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरूख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।



### जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और अपनी आइपीएल टीम को सपोर्ट करने के लिए हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# डिजिटल अपराधों की जद में बच्चे: सीजेआई

- चंद्रचूड़ बोले- प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें

काठमांडू, एजेंसी


शनिवार को नेपाल में किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा करते सीजेआई चंद्रचूड़।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 'रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा, ' निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है।

## पाकिस्तानी हिंदुओं ने हरिद्वार के शदाणी दरबार में टेका मत्था

**हरिद्वार।** आस्था और धर्म किसी सरहदों को नहीं बांटता और इसका उदाहरण है हरिद्वार में आए पाकिस्तानी हिंदुओं का जत्था जिनके लिए हरिद्वार आज भी विशेष महत्व रखता है।

इस लिए हर वर्ष पाकिस्तानी हिन्दुओ के कई जत्थों ने पहुंचकर शदाणी दरबार मे अपनी अरदास पूरी कर मत्था टेकते हैं। इस बार भी 223 से ज्यादा पाकिस्तानी हिन्दू पहुंचे हैं। हरिद्वार पहुंचते ही इन लोगो की खुशी देखते ही बनती है। धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचने से पहले अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और वहां पर दोनों देशों में अमन चैन बना रहे इसकी प्रार्थना की वहीं धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचने पर हरिद्वार के स्थानीय लोगों ने इनको माला पहनकर सभी का स्वागत भी किया।

# 35 हजार करोड़ का मसाला निर्यात गुणवत्ता मापने के लिए सिर्फ 9 लैब

*अमेरिका, हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर समेत कम से कम पांच देशों ने भारतीय मसालों की जांच कराने की घोषणा की है। शिकायत है कि मसालों में जहरीले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा स्वीकृत सीमा से ज्यादा है। एथिलीन ऑक्साइड को मसालों में फूड स्टेबलाइजर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।*

### गुणवत्ता की चिंता जरूरी

भारत ने पिछले साल लगभग 35 हजार करोड़ रु. के मसालों का निर्यात किया। इसकी देश के कृषि निर्यात में लगभग 10% हिस्सेदारी है। कारोबार बनाए रखने के लिए गुणवत्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, मसालों की गुणवत्ता मापने के लिए देशभर में सिर्फ 9 लैब है।

**2022-23 में 32 हजार करोड़ के मसाले हुए निर्यात :** वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने करीब 32,000 करोड़ रुपए के मसालों का एक्सपोर्ट किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रमुख मसाले हैं।



### कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है।

### शुरू किया परीक्षण

स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया ने निर्यात किए जाने वाले उत्पादों का अनिवार्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के सही इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एथिलीन ऑक्साइड के अलावा वैकल्पिक तरीके खोजने के लिए भी मानदंड निर्धारित किए गए।

### वापस करने का मुख्य कारण साल्मोनेला

अमेरिका के एफडीए की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 30 उत्पाद साल्मोनेला, एक जहरीले व हानिकारक पदार्थ के कारण अस्वीकार किए गए। कम से कम 11 उत्पादों को गलत ब्रांडिंग, छेड़छाड़, आर्टिफिशियल कलर या गलत लेबलिंग के कारण अस्वीकार किया गया।

### भारत से कौन खरीदता है सबसे ज्यादा मसाले

(आंकड़ा करोड़ रुपये में)

| | |
|---|---|
| चीन | 6,391.64 |
| अमेरिका | 4,467.39 |
| बांग्लादेश | 2,076.64 |
| यूएई | 1,945.98 |
| थाईलैंड | 1,498.08 |
| मलेशिया | 1,205.60 |
| इंडोनेशिया | 1,199.12 |
| ब्रिटेन | 932.65 |
| श्रीलंका | 868.50 |
| सऊदी अरब | 747.89 |

## एक नजर

### चीन में तूफान को लेकर रेड अलर्ट

**गुआंगजौ।** चीन के दक्षिण गुआंग्डोंग प्रांत के झुहाई जिले के तीन इलाकों में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि डौमेन जिले में सुबह आठ बजे तक एक घंटे में करीब 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई। दो अन्य स्थान जियांगझू जिला और झुहाई नेशनल हाई-टेक औद्योगिक विकास क्षेत्र ने भी तूफान के लिए रेड अलर्ट जारी किया। यातायात विभाग ने कहा कि शहर के सड़कों पर पानी भर जाने से निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

### करीना कपूर खान को यूनिसेफ का राष्ट्रीय दूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** यूनिसेफ (भारत) ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना नया राष्ट्रीय दूत नियुक्ति किया है। वह वर्ष 2014 से संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की भारत इकाई से जुड़ीं हुई थीं। करीना प्रत्येक बच्चे के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और लैंगिक समानता के अधिकार को आगे बढ़ाने में गैर-लाभकारी संगठन का समर्थन करेंगी। करीना ने कहा, इस दुनिया की भावी पीढ़ी के अधिकारों जितनी महत्वपूर्ण कोई अन्य चीज नहीं है। अब भारत के राष्ट्रीय दूत के रूप में यूनिसेफ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### पंजाब में सीमा के पास ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास तीन अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के कालिया गांव में एक खेत से टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मविक-3 क्लासिक है। वहीं, एक अन्य घटना में बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के पास एक खेत से 460 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के गांव सांकतरा के पास भी एक खेत में एक पैकेट मिला जिसमें 406 ग्राम हेरोइन थी।

### महाराष्ट्र के सांगली में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**सांगलीत।** भारतीय सेना के एक हेलीकॉप्टर ने शनिवार को महाराष्ट्र के सांगली जिले के एरंडोली गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। हेलीकॉप्टर के आपातकालीन लैंडिंग की वजह तकनीकी खराबी बतायी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेना के जवानों को चिकित्सा सामग्री सहित रसद प्रदान करने के लिए नासिक से बेंगलुरु जा रहा था, तभी अचानक से हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने पर उसे खेत में आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। हेलकॉप्टर की खराबी को ठीक करने के लिए नासिक से सेना की एक टीम रवाना हुई।

# भारत की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा : कंबोज

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि बोलीं-31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों बारे में बताया।

संयुक्त राष्ट्र में जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है। यह दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं।

जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं।

यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, लेकिन इसके लिए सहायक कानूनी ढांचे, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोगी भागीदारी पर जोर देने की जरूरत है।


जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज, राजस्थान की नीरू यादव आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सुप्रिया दास दत्ता मौजूद रहीं।

# चुनाव देखने भारत आए 23 देशों के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। आयोग का कहना है कि ये प्रतिनिधि एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें अन्य देशों से आए लोगों को भारत की चुनाव प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है।

आयोग ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है। ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

### इन देशों से आए प्रतिनिधि

चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

# पाकिस्तान में आधिकारिक तौर पर शुरू हुआ योग

इस्लामाबाद, एजेंसी

वैश्विक सुर्खियां बटोरने के बाद, आध्यात्मिक अभ्यास योग आधिकारिक तौर पर पड़ोसी देश पाकिस्तान में पहुंच गया है। इस्लामाबाद के रखरखाव के लिए जिम्मेदार कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) के आधिकारिक बयान के अनुसार, इस्लामाबाद मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन ने एफ-9 पार्क में मुफ्त योग कक्षाएं शुरू की हैं। सीडीए ने कहा, स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए कई लोग पहले ही शामिल हो चुके हैं।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के लिए एक मसौदा प्रस्ताव भारत द्वारा प्रस्तावित किया गया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों द्वारा इसका समर्थन किया।



योग आमतौर पर भारत से जुड़ा हुआ है और पाकिस्तान में योग सिखाने के लिए अधिक औपचारिक संस्थान नहीं हैं। कई निवासियों ने योग कक्षाएं आयोजित करने के कदम की सराहना की है।


## शांति की मांग


नई दिल्ली : कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा को लेकर मणिपुर की यूएनएयू आदिवासी महिलाओं व लोगों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि, राज्य में शांति बहाल की जाए। उल्लेखनीय है कि मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। ● एजेंसी

# अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई निदेशक बोले- वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती



भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात को जोर दिया है कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है।

फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता।

सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया। प्रत्येक देश में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। भारत में सीबीआई को एनसीबी नामित किया गया है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए इंटरपोल और एनसीबी के बीच सहयोग को मजबूत करना रहा। सीबीआई बयान के अनुसार, सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और ऑनलाइन कट्टरपंथ समेत विभिन्न अपराधों से निपटने के लिए बड़ चुनौती।

## अमेरिका: फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे

**वाशिंगटन।** फिलिस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यूजर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फिलिस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए।

इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। विवि में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स विवि प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं।

# सत्ता से बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं : इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पूर्व पीएम की जनादेश चुराने वाले लोगों को दो टूक



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,'सौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं।' खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

## ताइवान की सीमा में घुसे चीनी सैन्य विमान, बढ़ाई सुरक्षा

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कहा कि नौ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश के चारों ओर घूमते हुए पाया गया।

ताइवान के एमएनडी बयान के अनुसार, चीनी कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने स्थिति की निगरानी की और लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

एक्स पर किए गए पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, ताइवान के आसपास सक्रिय 9-पीएलए विमान और 5 जहाजों का पता चला। ताइवान की सेना ने स्थिति की निगरानी की है और आवश्यकता के अनुसार प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को देश के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया था।

विज्ञान

## आईसीआरएनेट द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुआ खुलासा, नवीन तकनीक से बरसों की खोज महीनों में होगी पूरी

# अब होगी खगोल विज्ञान के नए युग की शुरुआत

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खोज की दुनिया में अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए खगोल विज्ञान नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। नवीन तकनीक से खगोलविद सालों की खोज महीनों में पूरी कर सकेंगे।

अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) द्वारा आयोजित खगोल वैज्ञानिको की कार्यशाला में यह तथ्य उभरकर सामने आया। ब्रह्मांड को समझ पाना कतई आसान नही है। आधुनिक खगोल विज्ञान की शुरुआत करीब 4 सौ साल पहले हुई। तब से अभी तक दर्जनों प्रकार की दूरबीनें ईजाद की जा चुकी हैं, जो जमीन से लेकर आसमान तक लाखों किमी दूर स्थापित की गई हैं। इन दूरबीनों से वैज्ञानिक सुदूर अंतरिक्ष में देख पाने की क्षमता हासिल कर चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि डेटा प्रोसेसिंग के उपकरणों को ईजाद करने में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। खोज की दिशा में डेटा प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण कार्य है। नवीन तकनीक में मशीन लर्निंग अत्याधुनिक तकनीक है। इसके जरिए जमीन-आधारित और अंतरिक्ष-आधारित दूरबीनों के निर्माण और नियंत्रण से लेकर संपूर्ण खगोलीय अनुसंधान प्रक्रिया की एकीकृत किया गया है। जिसमें प्रकाशिकी प्रणालियों के प्रदर्शन को अनुकूलित करना, उपग्रहों की विशिष्ट क्रियाओं (ट्रिगर) की शुरुआत में सुधार करना, डेटा विश्लेषण, शोर में कमी, डेटा प्रतिरूपण, वर्गीकरण, सिमुलेशन, सैद्धांतिक मॉडल की स्थापना और सत्यापन शामिल है।

नई तकनीक गुरुत्वाकर्षण का परीक्षण, न्यूट्रॉन की स्थिति व तारों की सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। इसी क्रम मे जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) मॉडल का प्रयोग बेहद उपयोगी साबित हुआ है, जो बाहरी ग्रहों की खोज व उनकी विस्तृत जानकारी देता है। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर के अनेक वैज्ञानिक संगठन शामिल हुए। जिसमें ये बात निकलकर सामने आई कि नई तकनीकों से खोज की दिशा बेहद आसान होगी और एक नए युग की शुरुआत होगी।


नई तकनीक के जरिये क्वेज़ार की तस्वीर।

### दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक हुए शामिल

कॉन्फ्रेंस में अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) के अलावा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स (आईसीआरए), नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ), विज्ञान विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संघ, चीनी विज्ञान अकादमी उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान (सीएएस-आईएचईपी), पडोवा विश्वविद्यालय, इस्फ़हान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और फेरेरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस मौके पर नई तकनीक पर आधारित शोधपत्र क्या एआई हमारे ब्रह्मांड को समझ सकता है? एस्ट्रोफिजिकल डेटा द्वारा फाइन-ट्यूनिंग जीपीटी का परीक्षण प्रस्तुत किया गया।